www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 135 || अम्बेडकरनगर
बुधवार
05 अगस्त 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

दैनिक
# तमसा संकेत

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदयः 05:32
सूर्यास्तः 06:52
अधिकतमः 30°00
न्यूनतमः 27°00



पेज 07

विशेष समाचार | लखनऊ किसानों को ... >> पेज 04 | पति ने सुसाइड किया तो ... >> पेज 06 | 'उर्फी जावेद ने लिए थे 1 लाख'...

## हंगामे पर विधानसभा अध्यक्ष बोले-आप लोग सदन के सदस्यों के अधिकारों का हनन कर रहे

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा- बिल पर चर्चा करना चाहते हैं तो अपनी सीट पर बैठ जाइए। जिस विषय पर आप चर्चा करना चाहते हैं, उस पर सरकार जवाब देने को तैयार है। लेकिन आप न बजट पर चर्चा करना चाहते हैं और न ही बिल पर। उन्होंने कहा- यह विशेषाधिकार हनन का मामला बनता है। आप लोग सदन के बाकी सदस्यों के अधिकारों का हनन कर रहे हैं। यदि किसी बात से असहमत हैं तो सरकार जवाब देने को तैयार है।

## राजभैया बोले- भगवा का अपमान है

सांसद पप्पू यादव के प्रदर्शन पर राजभैया ने कहा- चढ़ावा चोरी में CCTV में पकड़े गए लोगों में कोई साधु, संत या भगवा वेशधारी है क्या? यह तो भगवा का अपमान है। प्रभु राम का चित्र और भगवा वस्त्र एक सांसद के चरणों में अर्पित किया जा रहा था।

## राम मंदिर के चढ़ावा चोरी पर जमकर हंगामा, सचिन यादव को पूरे सत्र के लिए निष्कासित

# विपक्ष सनातन विरोधी : योगी



यूपी विधानसभा सत्र

### नारेबाजी

- खड़गे चिल्लाए, हंगामे पर खड़े हो गए सभापति
- रिजिजू बोले- विपक्ष माफी मांगे, 2 साल में नहीं बनवाया बर्थ सर्टिफिकेट तो मजिस्ट्रेट जांच होगी



हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । यूपी विधानसभा में मंगलवार को राम मंदिर के चढ़ावा चोरी पर जमकर हंगामा हुआ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सपा विधायक सचिन यादव को पूरे सत्र के लिए सदन से निष्कासित कर दिया। इसके बाद सचिन यादव विधानसभा के बाहर धरने पर बैठ गए। उनके समर्थन में रागिनी सोनकर, अतुल प्रधान समेत 20 से अधिक सपा विधायक भी पहुंचे। सपा विधायकों को मनाने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय पहुंचे। उन्होंने सचिन यादव और अन्य विधायकों से बातचीत की। माता प्रसाद पांडेय के समझाने के बाद सचिन यादव ने धरना खत्म कर दिया। हुआ यूं कि सपा के हंगामे के बीच सीएम योगी बोल रहे थे। तभी सचिन यादव ने उनकी फोटो लहराई। इस पर महाना भड़क गए। वह कुर्सी छोड़कर खड़े हो गए।

>> (शेष पेज 06 पर)

### सपा विधायकों का आचरण शर्मनाक

सीएम योगी ने विधानसभा में कहा- यह मानसून सत्र है। सदस्यों के पास जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर था, लेकिन इनका लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास नहीं है। इनका आचरण असंवैधानिक और शर्मनाक है। उन्होंने कहा- ये लोग सदन का बहुमूल्य समय बर्बाद करना चाहते हैं। उन्होंने कहा- सर्वदलीय बैठक में आश्वासन दिया था कि नियमों के तहत जो भी विषय आएंगे, उन पर चर्चा कराई जाएगी और जवाब भी दिया जाएगा। लेकिन इन्हें संवैधानिक मूल्यों पर विश्वास नहीं है।

इसलिए लगातार हंगामा कर ये यूपी की 25 करोड़ जनता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

### किस विभाग को कितना बजट मिला

| | |
|---|---|
| भारी एवं मध्यम उद्योगः | 22,107.88 करोड़ |
| ग्राम्य विकासः | 17,942.73 करोड़ |
| ऊर्जाः | 7,422.27 करोड़ |
| चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणः | 6,025 करोड़ |
| समाज कल्याणः | 1,655 करोड़ |
| महिला कल्याणः | 1,094.40 करोड़ |
| लोक निर्माण विभागः | 700.01 करोड़ |

### 59 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश हुआ

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 59,019.54 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें राजस्व लेखा का व्यय 17,399.50 करोड़ और पूंजी लेखे का व्यय 1,620.04 करोड़ है। अनुपूरक बजट में नई मांगों के लिए कुल 7,854.25 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### हंगामे पर भड़के महाना



सपा के हंगामे के बीच सीएम योगी बोल रहे थे। तभी सपा विधायक सचिन यादव ने उनकी फोटो लहराई। इस पर विधानसभा अध्यक्ष कुर्सी छोड़कर खड़े हो गए। चिल्लाकर कहा- आप मुख्यमंत्री जी की फोटो के साथ ऐसा नहीं कर सकते। उस पर कुछ भी नहीं लिख सकते हैं। इन्हें पूरे सत्र के लिए सदन से बाहर निकाला जाए। आप बाहर चलिए, नहीं तो आपको विधायकी से बर्खास्त करवा दूंगा। इसी बीच योगी खड़े हो गए। उन्होंने कहा- सपा का यह अलोकतांत्रिक आचरण पूरा प्रदेश देख रहा है। जानबूझकर सदन की अवमानना की जा रही है। ये लोग लोकतंत्र की खिल्ली उड़ाना चाहते हैं। इन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास नहीं है। इसलिए सदन का माहौल खराब कर रहे हैं। सरकार सदन में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

### सपा ने राम मंदिर की गलियों को रक्तरंजित किया



विधानसभा के बाहर सीएम योगी ने कहा- सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि राम मंदिर ट्रस्ट में उसका कोई हस्तक्षेप नहीं है। यह ट्रस्ट सरकार ने नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बना था। इसके बावजूद सपा के लोगों ने इसे लेकर तमाम आरोप लगाए और उल्टी-सीधी बातें कहीं। सपा-कांग्रेस का आचरण हमेशा से सनातन विरोधी रहा है। मैंने पहले भी कहा है कि इस मामले में जो लोग पकड़े गए हैं, उनका बीजेपी से कोई संबंध नहीं रहा है।

- उत्तर प्रदेश के परसेप्शन को खराब करने की कुत्सित चेष्टा समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के द्वारा मिलकर की जा रही है
- जो प्रभु श्री राम और प्रभु श्रीकृष्ण के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा कर चुके हैं, वे आज आस्था की बात करते हैं
- श्री अयोध्या धाम की गलियों और सरयू की पावन धारा को रक्तरंजित करने का पाप समाजवादी पार्टी की सरकार ने किया था
- एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट में किसी भी साधु-संत की संलिप्तता नहीं पाई गई : सीएम योगी

## आरएसएस इतिहास बदलने की कोशिश कर रहा : राहुल गांधी

### इनके पीछे एक खतरनाक विचारधारा है

संबोधन



तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि RSS देश का इतिहास बदलने की कोशिश कर रहा है। इसके पीछे एक खतरनाक विचार है। भारत अपने इतिहास के कुचले जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा-देश के छात्र दर्द में हैं। उन्हें PM नरेंद्र मोदी की माफी की जरूरत नहीं है, बल्कि वे चाहते हैं कि PM अपनी सरकार के कामों के लिए माफी मांगें। राहुल गांधी मंगलवार को पूर्व कांग्रेस सांसद वाइको की किताब वाइको इन पार्लियामेंट के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे।राहुल ने कहा, ?हम

- छात्रों के पास काम नहीं, परीक्षा में निष्पक्षता चाहते हैं : राहुल

अजीब दौर से गुजर रहे हैं, जहां छात्र सड़कों पर हैं, उनके पास काम नहीं है और वे परीक्षाओं में निष्पक्षता तथा एक बेहतर शिक्षा प्रणाली की मांग कर रहे हैं। दूसरी तरफ PM उन्हें माफ कर रहे हैं। नहीं पता कि PM को यह विचार कहां से आता है कि वे उन्हें या भारत के भविष्य को माफ कर सकते हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

## एअरइंडिया की फुकेट दिल्ली फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी

### 17 घायल कई लोगों के पैर-कंधे में चोट

घटना



तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया फ्लाइट AI2379 मंगलवार को टर्बुलेंस, यानी तेज हवा के झटकों में फंस गई। अचानक 300 फीट तक नीचे आ गई। हालांकि, पायलट ने स्थिति संभाली और फ्लाइट को दिल्ली एयरपोर्ट पर सुबह 11:07 बजे सुरक्षित उतार लिया। प्लेन में 137 यात्री और 8 क्रू मेंबर्स सवार थे।

एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि घटना में 13 यात्री और 4 क्रू मेंबर्स समेत 17 लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले

- पैसेंजर ने बताया- विमान 3 मिनट पलटी खाता रहा

जाया गया। इनमें से 5 को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। बाकी भर्ती हैं। एयर इंडिया की टीमें अस्पतालों में मौजूद हैं।

एअर इंडिया ने पहले बताया था कि सभी यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। किसी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है।

>> (शेष पेज 06 पर)

फास्ट न्यूज

### प्रियांक खड़गे बोले- अनशन करो, लाठी खाओ फिर इस्तीफा दूंगा

कर्नाटक । गृह मंत्री प्रियांक खरगे ने सोमवार को कहा कि जो लोग उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं, उन्हें पहले 25 दिन भूख हड़ताल पर बैठना चाहिए और फिर लाठीचार्ज का सामना करना चाहिए।

तलब बैठक

### सरकार का मेटा ग्लोबल टीम को समन

नई दिल्ली। भारत सरकार और मेटा की ग्लोबल टीम के बीच 5 और 6 अगस्त को एक अहम बैठक होने जा रही है। केंद्र सरकार ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा के प्रतिनिधियों को समन भेजकर तलब किया है।

केंद्र सरकार इस बैठक में चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मटीरियल यानी CSAM पर लगाम लगाने में हुई चूक, फर्जी/सिंथेटिक एआइ कंटेंट और बड़े नेताओं के वेरिफाइड अकाउंट्स पर गलत कार्रवाई जैसे संवेदनशील मुद्दों को उठाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने मेटा द्वारा अब तक दिए गए जवाबों को नाकाफी माना है।

### 7 साल में 274 भगोड़े भारत लाए

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि पिछले सात वर्षों में 36 देशों से 274 भगोड़ों को भारत वापस लाया गया है। यह 2004-13 के दौरान हर साल औसतन चार प्रत्यर्पण की तुलना में 10 गुना अधिक है। साथ ही भगोड़ों की 17,874 करोड़ की संपत्ति भी अटैच की गई।

# यूपी के मदरसों में बीए-एमए की पढ़ाई पर रोक लगेगी

### पुरानी डिग्रियां भी रद्द होंगी, योगी कैबिनेट में 21 से अधिक प्रस्ताव मंजूर होंगे

- अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बताया-मदरसों से पूर्व में दी गई कामिल और फाजिल की डिग्री को भी रद्द किया जाएगा।



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । यूपी सरकार मदरसों में कामिल (ग्रेजुएशन) और फाजिल (पोस्ट ग्रेजुएशन) की डिग्री देने पर रोक लगाने जा रही है। यानी अब यहां सिर्फ 12वीं तक ही पढ़ाई होगी। सरकार का कहना है कि यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार लिया जा रहा है। इस संबंध में मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम 2004 में संशोधन का प्रस्ताव मंगलवार को होने वाली योगी कैबिनेट बैठक में रखा जाएगा। अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारी ने बताया- सुप्रीम कोर्ट ने 5 नवंबर, 2024 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया था, जिसमें मदरसा अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट अंजुम कादरी और अन्य बनाम भारत सरकार केस सुनवाई कर रहा था। उस वक्त सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि मदरसा बोर्ड का कानून सही है, लेकिन मदरसे UGC के नियमों के बाहर की औपचारिक उच्च शिक्षा यानी कामिल और फाजिल की डिग्री नहीं दे सकते।

>> (शेष पेज 06 पर)

# केजरीवाल ने निकाला मार्च

### फिरोजशाह रोड पर धरने पर बैठे, बोले- ई20 के खिलाफ 2 लाख से ज्यादा चिट्ठियां भिजवाईं

धरना

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली के पूर्व CM और आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को E20 फ्यूल के खिलाफ प्रधानमंत्री आवास तक मार्च निकला। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, जैस्मिन शाह समेत पार्टी के अन्य नेताओं को फिरोजशाह रोड पर ही रोक दिया। इसके बाद केजरीवाल सहित अन्य AAP नेता फिरोजशाह रोड पर ही बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए। AAP ने करीब 100 नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ यह मार्च निकाला था।

>> (शेष पेज 06 पर)



केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, जैस्मिन शाह समेत पार्टी के अन्य नेता फिरोजशाह रोड पर धरने पर बैठ गए।

केजरीवाल ने बताया कि उन्होंने पिछले महीने प्रधानमंत्री को लेटर लिखा था। जिसमें ई20 पेट्रोल से जुड़ी चिंताओं पर चर्चा के लिए समय मांगा था।

### केजरीवाल बोले- ई20 रोकने के लिए नीट से बड़ा आंदोलन करना होगा

E20 के विरोध में धरने के दौरान अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ट्रम्प के दबाव में मोदी सरकार अमेरिका से एथनॉल खरीद रही है। अमेरिका दुनिया में सबसे ज्यादा एथनॉल बनाता है और उसने भारत पर इसे खरीदने का दबाव बनाया। केजरीवाल ने कहा- अमेरिका का कचरा खरीदकर हमारी 30 लाख गाड़ियों पर थोपा जा रहा है। इसे रोकने के लिए हमें NEET आंदोलन से भी बड़ा आंदोलन करना होगा। उन्होंने लोगों से इस अभियान में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि E20 नीति के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी।

### आप बोली- पीएमओ का कोई अधिकारी ज्ञापन लेने यहां आए

दिल्ली AAP अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा- हम 2 लाख से ज्यादा लोगों की याचिकाएं लेकर आए हैं। हमें आगे जाने दिया जाना चाहिए। अगर कोई दिक्कत है तो प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) का कोई अधिकारी यहां आकर ज्ञापन ले ले और इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हो जाए। >> (शेष 06 पर)

रिहाई : सीएम विजय की करीबी एक्ट्रेस तृषा पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी


# उदयनिधि स्टालिन 8 घंटे बाद रिहा

तमसा संकेत, एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु के नेता प्रतिपक्ष और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन को अभिनेत्री तृषा पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। तमिलनाडु पुलिस ने उनसे 8 घंटे तक पूछताछ की, जिसके बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

उदयनिधि सोमवार को तंजावुर में कावेरी जल विवाद पर आयोजित रैली में भी मौजूद थे। इसी दौरान भीड़ में ?तृषा, तृषा? के नारे लगे। आरोप है कि इस पर उदयनिधि ने कहा, ?पानी कहीं और पहुंचे या न पहुंचे, वहां जरूर पहुंचना चाहिए। बाद में सफाई दी कि उनका इशारा कावेरी के पानी की ओर था।





### टीवीके ने घोषणा पत्र में कहा था- कावेरी का पानी तमिलनाडु को दिलाएंगे

विजय की पार्टी TVK ने अपने घोषणा-पत्र में कहा था कि तमिलनाडु के कावेरी जल अधिकारों की पूरी रक्षा की जाएगी। राज्य के हिस्से का पानी हर हाल में सुनिश्चित कराया जाएगा। कर्नाटक की मेकेदातु बांध परियोजना का विरोध जारी रखा जाएगा। कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के आदेशों को सख्ती से लागू कराने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाया जाएगा।

### विजय की चुनाव में जीत के बाद मिलने पहुंची थीं तृषा

4 मई को तमिलनाडु विधानसभा के रिजल्ट आए थे। TVK ने 234 में से 108 सीटें जीती थीं। उस दिन तृषा का बर्थडे था। रिजल्ट आने से पहले वो तिरुमाला मंदिर पहुंचीं, दर्शन किए और फिर विजय के घर पहुंचीं। विजय और तृषा की केमिस्ट्री काफी चर्चा में रही है। दोनों करीब 5 फिल्मों में साथ नजर आए हैं, जिनमें से 2023 में रिलीज सुपरहिट फिल्म लियो भी शामिल है। यह वही वक्त था जब विजय की पत्नी संगीता सोर्नालिंगम तलाक के लिए कोर्ट में लड़ाई लड़ रही थीं।

उदयनिधि ने कहा- बदले की कार्रवाई हुई

पुलिस ने उनके खिलाफ 6 धाराओं में केस दर्ज किया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए उदयनिधि ने मद्रास हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की थी। हालांकि, उस पर सुनवाई होने से पहले ही पुलिस ने उन्हें अरेस्ट कर लिया। >> (शेष पेज 06 पर)

## 'बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा को जनता ने दिया जवाब'

### 2027 में सपा की सरकार बनेगीः अखिलेश यादव

तंज



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बांकीपुर उपचुनाव का परिणाम भाजपा की 12 साल की सरकार का ?रिटर्न गिफ्ट? है। उन्होंने दावा किया कि इस हार ने साबित कर दिया है कि जनता अब भाजपा से नाराज है और बिना किसी बेईमानी के उसे कितना जनसमर्थन मिलता है, यह उपचुनाव में साफ दिखाई दे गया। मंगलवार को संसद परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने उपचुनाव के

- दतिया उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत पर जताई खुशी
- ई-20 पेट्रोल पर सरकार और कंपनियों से पूछे सवाल

जरिए जनता का मूड परखने की कोशिश की थी, लेकिन मतदाताओं ने स्पष्ट संदेश दे दिया कि वे सरकार की नीतियों से संतुष्ट नहीं हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

## कल गाजियाबाद में जाम लगाया, लखनऊ में स्कूल वैन में तोड़फोड़ की थी

# मेरठ में कांवड़ियों के दो गुट भिड़े सिपाही घायल

**बवाल**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/मेरठ/मुजफ्फरनगर। मेरठ में कांवड़ियों के दो गुटों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। कुछ कांवड़िए कांवड़ के साथ सड़क किनारे बैठे थे। इसी दौरान हरिद्वार जल लेने जा रहे दो अन्य कांवड़ियों की बाइक ने उनकी कांवड़ को टक्कर मार दी।

इससे कांवड़ खंडित हो गई। दोनों गुटों में बहस और मारपीट शुरू हो गई। SP अविनाश पांडेय ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची।

कांवड़ को बाइक से टक्कर मारने वाले सोनू और उसके साथी को जीप



से ले जाने लगी, तभी कांवड़ियों ने उन पर हमला कर दिया। गाड़ी से खींचकर पीटने लगे। बीच-बचाव में सिपाही के हाथ, कंधे-चेहरे पर चोटें आईं हैं। मुजफ्फरनगर में शिव चौक पर कांवड़ियों का आवागमन जारी है। रात करीब साढ़े 11 बजे बड़ी संख्या में कावड़ियों का जत्था मार्ग पहुंचा। इस दौरान शिव भक्तों की सेवा के लिए लगाए गए शिविरों में उनकी सेवा की गई। यूपी-उत्तराखंड बॉर्डर पर एंट्री गेट को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। दिल्ली के कालकाजी मंदिर में कांवड़ चढ़ाने निकले विजय ने बताया- यूपी में प्रशासन खूब सपोर्ट कर रहा है। उत्तराखंड में प्रशासन हम लोगों का सपोर्ट नहीं कर रहा।

### कहीं रावण बने कांवड़िए, कहीं घुटनों के बल चल रहे

हरिद्वार से गंगाजल लेकर दिल्ली लौट रहे मूलचंद त्यागी हर साल रामलीला में रावण का किरदार निभाते हैं। उनका कहना है कि आज दरिंदों से रक्षा के लिए हर भाई को बहन के लिए रावण बनना चाहिए।

वहीं, संभल में एक कांवड़िया अपनी कांवड़ में एक तरफ योगी और दूसरी तरफ संभल एसपी केके बिश्नोई की तस्वीर लगाए है। शामली में डीएम और एसपी ने कांवड़ सेवा शिविर पहुंचकर श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए।

मेरठ के 65 साल के हरपाल नाथ हरिद्वार से 33 लीटर गंगाजल लेकर घुटनों के बल चल रहे हैं। वे पेट में रस्सी से बांधकर चार पहियों वाली कांवड़ खींच रहे हैं।

### लखनऊ में कांवड़ियों ने स्कूल वैन में तोड़फोड़ की, चीखते-चिल्लाते रहे मासूम बच्चे

लखनऊ में सोमवार सुबह 7 बजे बाइक सवार कांवड़ियों ने स्कूल वैन में तोड़फोड़ की। ड्राइवर वैन छोड़कर भाग गया। बच्चे डरकर चीखते-चिल्लाते इधर-उधर भागने लगे। मौके पर भीड़ जुटी तो कांवड़िए भी भाग निकले। बताया गया कि वैन ने कांवड़ियों को टक्कर मार दी थी। हालांकि, पुलिस का कहना है कि कांवड़िए की भेष में उपद्रवी युवकों ने वैन पर हमला किया।



मेरठ में सोमवार देर रात जीप में मौजूद पुलिसकर्मी से मारपीट करते कांवड़िए।

> गाजियाबाद के मुरादनगर में सोमवार सुबह 6 बजे कांवड़ियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली और एंबुलेंस की टक्कर हो गई। हादसे में कांवड़ियों की कांवड़ खंडित हो गई। इससे नाराज कांवड़ियों ने जमकर हंगामा किया। सड़क पर बैठ गए। दिल्ली-मेरठ रोड पर लंबा जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कांवड़ियों को समझाकर मामला शांत कराया।

यूपी में आते ही हमें पूरी सुविधाएं मिल रही हैं। हमें कांवड़ यात्रा के दौरान यूपी में खूब मजा आ रहा है।

शामली में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शांति केयर हॉस्पिटल के बाहर बने कांवड़ सेवा शिविर पहुंचकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस दौरान अधिकारियों ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। उनका हालचाल जाना और उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## बारिश के चलते विभिन्न इलाकों में बिजली संकट

### करंट लगने से भैंस की मौत, शहर से गांवों तक गुल रही बत्ती

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में सोमवार को हुई तेज बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। विभिन्न जगहों पे ब्रेकडाउन, अंडर-ग्राउंड केबल फाल्ट के कारण घंटों बिजली गुल रही। गोमतीनगर, इंदिरा-नगर, सआदतगंज, आरडीएसओ, अहिबरनपुर, समेत कई इलाकों में बत्ती गुल होने के बाद पानी का भी संकट खड़ा हो गया।

वहीं, रहीमाबाद के मोहम्मदनगर तालुकेदारी गांव में ट्रांसफार्मर से 50 मीटर दूर बंधी महादेव की भैंस करंट की चपेट में आ गई। किसान महादेव के अनुसार, भैंस के आसपास पानी और कीचड़ खंभे तक फैला हुआ था। करंट खंभे में उतर जमीन पर फैल गया, जिसकी चपेट में आकर उनकी भैंस की मौत हो गई। सआदतगंज के नूरबाड़ी उपकेंद्र का नजफ फीडर सुबह करीब 3:30 बजे ब्रेकडाउन हो गया। इससे वजीरबाग, मॉडल



कॉलोनी और दरगाह हजरत अब्बास समेत कई इलाकों की बिजली गुल हो गई। सुबह 7 बजे तक बिजली नहीं आई तो घरो में पानी का संकट बना गया। जूनियर इंजीनियर ने बताया कि जलभराव के कारण बिजली फाल्ट ठीक करने में समय लग गया। आजाद नगर उपकेंद्र के मोज्जम नगर कॉलोनी में देर शाम 2 घंटा बिजली गुल रही। शारदा नगर के शिव कॉलोनी कमलापुर में बिजली गुल रही। काकोरी, कबीरनगर, दुबग्गा, पारा, में भी लाइट का संकट रहा । अहिबरनपुर उपकेंद्र का चमन होटल फीडर, अलीगंज के चौधरीटोला और लालकुआं के रिसालदार पार्क में बिजली संकट देखने को मिला।

**फास्ट न्यूज**

### गोरखनाथ मंदिर में तैनात सब इंस्पेक्टर वेनमोर डॉग की मौत

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात सब इंस्पेक्टर रैंक के डॉग 'वेनमोर' की मौत हो गई। जर्मन शेफर्ड नस्ल का यह श्वान पिछले 4 महीने से कैंसर से जूझ रहा था। इलाज के दौरान मंगलवार सुबह 6 बजे अंतिम सांस ली। वेनमोर की मौत की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने उसे कंधा दिया फिर पुलिस लाइन में पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

### प्रतापगढ़ में प्रसव के 3 घंटे बाद नवजात की मौत

प्रतापगढ़ । प्रतापगढ़ के पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को जन्म के महज तीन घंटे बाद एक नवजात बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद बच्ची का पिता अस्पताल से चला गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सरसतपुर गांव की रहने वाला राजुकमार अपनी पत्नी निशा गौतम और दो बेटियों प्रिया (4 वर्ष) और रिया (डेढ़ वर्ष) के साथ रहता है।

### डॉक्टर पति ने बेहोश कर न्यूड वीडियो बनाए

गोरखपुर। गोरखपुर में एक महिला डॉक्टर ने अपने डॉक्टर पति, सास-ससुर और ननद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि पति ने उसे नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश किया। फिर न्यूड फोटो-वीडियो बना लिए। इसके बाद वायरल करने की धमकी देने लगा। पति ने ब्लैकमेल कर फॉर्च्यूनर खरीदने के लिए 32.50 लाख रुपए और एफडी के 10 लाख रुपए ले लिए।

## 'मां की तरह भाई को पाला, 9 लड़कों ने मार डाला'

### बहन बोली- अपने हाथ से राखी बनाई थी

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । '7 साल पहले मां की मौत के बाद तीनों भाई-बहन अलग-अलग रिश्तेदारों के घर रहकर पढ़ने लगे। पापा काम करने हैदराबाद चले गए। त्योहार में हमारी मुलाकात होती थी। पापा के साथ घर पर तीनों भाई-बहन साथ मिलकर त्योहार मनाते थे। रक्षाबंधन का त्योहार आने वाला है। इस बार अपने दोनों भाई सरस और शिव नारायण के लिए हाथ से राखी बनाई थी। लेकिन, बदमाशों ने शनिवार रात 8 बजे मेरे भाई सरस को हमेशा के लिए छीन लिया। अब उससे कभी मिल नहीं पाऊंगी।'

ये बातें गोरखपुर में सरस सिंह की बड़ी बहन जूही (17) ने रोते हुए कहीं। जूही ने बताया- 9 साल का सरस सबसे छोटा था। वह पढ़-लिखकर बड़ा अफसर बनने की बातें करता था। उसे राखी बंधवाने की



सरस सिंह
मृतक

बड़ी जल्दी रहती थी। मैं उसको खूब परेशान करती थी। हंसी-मजाक के साथ हम सब मिलकर त्योहार मनाते थे। कोई मेरे भाई को लौटा दे।

सरस का अंतिम संस्कार रविवार (2 अगस्त) शाम उसके पैतृक निवास अराजी टोला में हुआ। हैदराबाद में पेंट-पॉलिश करने वाले पिता अरविंद सिंह ने मुखाग्नि दी। इस घटना के बाद से ही घरवाले रो-रोकर बेहाल हैं। बच्चे की हत्या से गांववालों में भी गुस्सा है।

सरस सिंह पिपराइच के माधोपुर गांव का रहने वाला था। उसके पिता अरविंद सिंह हैदराबाद में रहते हैं।

# यूपी में जोरदार बारिश, बाइक-स्कूटी डूबी

## अंडरपास में 4 फीट पानी भरा, लखनऊ-उन्नाव में सड़कें तालाब बनीं

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी। यूपी में मानसून ने फिर तेजी पकड़ ली है। मंगलवार सुबह से लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी-मथुरा समेत 50 से ज्यादा शहरों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। सबसे ज्यादा 71 मिमी बारिश कन्नौज में हुई। बाकी जिलों में बादल छाए हैं।

मथुरा में भारी बारिश की वजह से अंडरपास में 4 फीट तक पानी भर गया। कई स्कूटी और बाइक डूब गईं। लोग कमर तक पानी में चलते दिखाई दिए।

लखनऊ और उन्नाव में 15 घंटों से रिमझिम बारिश हो रही है। सोमवार रात 9 बजे शुरू हुआ तेज बारिश का सिलसिला मंगलवार दोपहर तक जारी है। सड़कें तालाब बन गईं। घरों में पानी घुस गया। कई इलाकों की बिजली गुल है।

बाराबंकी में 4 घंटे की मूसलाधार बारिश से बस स्टेशन परिसर में जलभराव हो गया।





> लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-मानसूनी सिस्टम अब यूपी के ऊपर एक्टिव हो गया है। यह दिल्ली, लखनऊ और पटना से होकर गुजर रहा है। इस वजह से कई चक्रवात सक्रिय हो गए हैं। गंगा के मैदानी इलाकों में मानसूनी हवाएं मजबूत हुई हैं। इसके असर से अगले 4 से 5 दिनों तक पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश होगी।

### हापुड़ में तेज बारिश से बदला मौसम

हापुड़ में मंगलवार दोपहर जिले के अधिकांश हिस्सों में झमाझम बारिश हुई। इससे कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली और मौसम सुहाना हो गया। ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने राहत महसूस की, जबकि बच्चों ने बारिश में भीगकर खूब मस्ती की।

बारिश के बाद जिले का तापमान घटकर 31 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक रुक-रुक कर बारिश और गरज-चमक की संभावना है। इस दौरान 10 से 20 मिमी तक बारिश हो सकती है और 15 से 25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी है।

### इटावा में बारिश से उमस से मिली राहत बुधवार को भी बारिश के आसार

इटावा में एक सप्ताह से पड़ रही उमस भरी गर्मी के बाद मंगलवार को मौसम ने राहत दी। देर रात शुरू हुई मध्यम बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई और सुबह मौसम सुहाना बना रहा। लोगों ने लंबे समय बाद गर्मी और उमस से राहत महसूस की। बारिश के बाद जिले का तापमान घटकर 30 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को भी बारिश और गरज-चमक की संभावना है। अगले 24 घंटे के दौरान रुक-रुक कर बारिश हो सकती है। इससे तापमान सामान्य से नीचे रहने और खरीफ फसलों को फायदा मिलने की उम्मीद है।

## तीनों बोल-सुन नहीं पाते थे, एक ही बिस्तर पर खून से सनी लाशें मिलीं

# पति-पत्नी और महिला की हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में मंगलवार को ट्रिपल मर्डर की सनसनीखेज वारदात हुई। एक ही कमरे के अंदर पति, पत्नी और एक महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बिस्तर पर तीनों का खून से लथपथ शव मिला। तीनों बोल-सुन नहीं सकते थे। वारदात का पता तब चला, जब सुबह कमरे का दरवाजा आधा खुला देख पड़ोसियों ने अंदर झांका। लाशें देखकर चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने सबूत जुटाकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। मकान मालकिन के बेटे को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। वारदात पुराने शहर के शाहगंज में गढ़ी कला मुहल्ले की है। दूसरी मंजिल पर किराए पर रहने वाले हरदोई के ऋषि सिंह ने बताया कि 8 महीने से इस मकान में रह रहा हूं।





> डीसीपी सिटी मनीष शांडिल्य ने बताया-किराए के कमरे में दो महिलाओं और एक पुरुष का शव मिला है। सभी मूक-बधिर थे। आशंका है कि उनके बीच आपसी लड़ाई-झगड़ा हुआ होगा। मृतकों की पहचान की जा रही है।

### मकान मालकिन बोली- पति-पत्नी बोल-सुन नहीं सकते थे

गढ़ी कला मोहल्ले में सुशीला देवी का तीन मंजिला मकान है। बेटे पंकज (30) के साथ ग्राउंड फ्लोर पर रहती हैं। पंकज ऑटो-रिक्शा चलाता है। पति की मौत हो चुकी है। पहली मंजिल पर मृतक दंपति रहते थे। दूसरी मंजिल पर तीन लड़के अतुल सिंह, धनंजय सिंह, ऋषि सिंह रहते हैं। तीनों रेलवे स्टेशन पर घूम-घूमकर खाने का सामान बेचते हैं। मकान मालकिन ने बताया- दंपति पिछले 6 महीने से हमारे यहां रह रहे थे। कबाड़ बीनने का काम करते थे। उसे मोहल्ले के ही कबाड़ कारोबारी श्यामलाल को बेचते थे। पति-पत्नी मूक-बधिर थे, इसलिए मोहल्ले में कोई उन्हें नाम से नहीं पुकारता था। सोमवार को उनसे मिलने एक महिला आई थी। सुशीला देवी ने बताया- मैंने उसे पहले कभी नहीं देखा था। रिश्तेदार समझकर उनसे कोई पूछताछ भी नहीं की। इसके बाद मैं रात 11 बजे सोने चली गई। मंगलवार सुबह जब उठकर बाहर आई तो उनके कमरे का दरवाजा खुला था। पड़ोसियों को जाकर देखने को कहा। पड़ोसियों ने अंदर झांका, तब पता चला कि तीनों की हत्या हो चुकी है।

### कबाड़ कारोबारी बोले- दंपति को 20 साल से जानता था

कबाड़ कारोबारी श्यामलाल ने बताया- वह मृतक दंपति को पिछले 20 सालों से जानते थे। दोनों खुद को कोलकाता का रहने वाला बताते थे। शुरुआत में दोनों फुटपाथ पर ही रहते थे, लेकिन बाद में किराए का मकान लेकर रहने लगे।

जिस मकान में वे अभी रह रहे थे, उसमें करीब ढाई साल पहले भी किराए पर रह चुके थे। बीच में वे दूसरी जगह चले गए थे। 6 महीने पहले ही दोबारा यहां रहने आए थे।

श्यामलाल ने बताया- दोनों का किसी से कोई विवाद नहीं था।

## बरेली कॉलेज की छात्रा ममता दढ़ियाल को एमजेपीआरयू का गोल्ड मेडल






तमसा संकेत, संवाददाता

बरेली। महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के 24वें दीक्षांत समारोह में बरेली कॉलेज, बरेली के पर्यावरण विज्ञान विभाग की मेधावी छात्रा सुश्री ममता दढ़ियाल को एम.एससी. (पर्यावरण विज्ञान) परीक्षा-2026 में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल एवं मेरिट प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

ममता दढ़ियाल की इस शानदार उपलब्धि पर बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओ. पी. राय, उपप्राचार्य प्रो. वंदना शर्मा, पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जसपाल सिंह, प्रो. अनामिका अग्रवाल, प्रो. निष्ठा सेठ एवं प्रो. गौरव भूषण ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रा के कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन का परिणाम है। साथ ही यह पर्यावरण विज्ञान विभाग, बरेली कॉलेज की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं अकादमिक उत्कृष्टता का भी प्रमाण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ममता दढ़ियाल भविष्य में पर्यावरण संरक्षण एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देकर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय तथा प्रदेश का नाम और अधिक गौरवान्वित करेंगी।

**तबादला :** आईपीएस पति के बाद आईएएस सौम्या अग्रवाल का भी कद घटाया, दोनों शंकराचार्य विवाद से चर्चा में आए थे

# 13 आईएएस का ट्रांसफर, 4 कमिश्नर बदले गए

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी सरकार ने मंगलवार को 13 IAS अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें गोरखपुर, बस्ती, बरेली और प्रयागराज के मंडलायुक्त यानी कमिश्नर भी शामिल हैं।

शासन ने दोपहर करीब 3:15 बजे ट्रांसफर लिस्ट जारी की। प्रयागराज की पहली महिला कमिश्नर सौम्या अग्रवाल को हटाकर उन्हें प्रदेश का श्रम आयुक्त बनाया गया है। सौम्या अग्रवाल, IPS मोहित गुप्ता की पत्नी हैं। 18 जनवरी, 2026 को प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से हुए विवाद में उनका नाम सुर्खियों में आया था।

**1. सौम्या अग्रवाल:** इंटरमीडिएट तक पढ़ाई लखनऊ में हुई है। दिल्ली विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद पुणे के एक सॉफ्टवेयर कंपनी में जॉब की। फिर इनका झुकाव सिविल सर्विसेज की ओर हुआ और पहले ही प्रयास में लोक सेवा आयोग की परीक्षा 24वीं रैंक हासिल की। पिता ज्ञान चंद्र अग्रवाल रेलवे में सिविल इंजीनियर रहे हैं।




**2. अनिल ढींगड़ा:** गोरखपुर कमिश्नर पद से हटा दिया गया है। उन्हें यूपी आवास एवं विकास परिषद का आयुक्त बनाया गया है। साथ ही नगर भूमि सीमांकन के निदेशक और आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के सचिव की भी जिम्मेदारी दी गई है। 2008 बैच के IAS अधिकारी हैं। मूल रुप से दिल्ली के रहने वाले हैं। IAS बनने से पहले उन्होंने चार्टेड अकाउंटेंट की पढ़ाई की है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से MBA भी किया है। उनकी पहली पोस्टिंग ज्वाइंट मजिस्ट्रेट फर्रुखाबाद में हुई थी। इसके बाद उन्हें रामपुर का CDO बनाया गया। रामपुर में ही वह डीएम भी रहे।

> हाल ही में आईजी मोहित गुप्ता का भी ट्रांसफर एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन में किया गया है। सौम्या अग्रवाल की जगह डॉ. लोकेश एम को प्रयागराज का नया कमिश्नर बनाया गया है।

**3. इन्द्र विक्रम सिंह:** कृषि विभाग के सचिव थे। अब गोरखपुर का नया कमिश्नर नियुक्त किया गया। प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र को वर्तमान पद के साथ राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार मिला है।

फतेहपुर के रहने वाले इन्द्र विक्रम सिंह पीसीएस अफसर थे। साल 2011 में उनको अलीगढ़ डेवलपमेंट अथॉरिटी में सचिव के पद पर पहली तैनाती मिली। उन्हें 2016 में IAS बनाया गया। वह बलिया और शामली के भी डीएम रहे हैं।

**4. भूपेन्द्र एस चौधरी:** बरेली मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी को सचिव प्रशासनिक सुधार विभाग भेजा गया। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मैनेजिंग डायरेक्टर शंभू कुमार को बरेली का नया कमिश्नर बनाया गया है।

यूपी कैडर के 2009 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। उन्होंने वनस्पति विज्ञान में बीएससी की है। अपने पूरे करियर में उन्होंने सचिव, सरकार के विशेष सचिव, जिला कलेक्टर और निदेशक सहित विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

# पत्रकार गणेश मौर्य के परिजनों से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

### फर्जी मुकदमों का आरोप, कांग्रेस ने सरकार को घेरा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। भारतीय जनता पार्टी भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले निर्भीक पत्रकारों को पुलिसिया तंत्र के जरिए प्रताड़ित किया जा रहा है। सरकार के इशारे पर पुलिस फर्जी मुकदमे दर्ज कर पत्रकारों पर दबाव बनाने की नाकाम कोशिश कर रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी और इस अन्याय के खिलाफ मजबूती से सड़क से लेकर अदालत तक लड़ाई लड़ेगी। यह बात मंगलवार को कांग्रेस के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कही, जिसने जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के निर्देश पर अकबरपुर ब्लॉक अध्यक्ष जियाउद्दीन अंसारी के नेतृत्व में अकबरपुर पालिका परिषद के शहजादपुर स्थित पत्रकार गणेश मौर्य



के निवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। पत्रकार गणेश मौर्य के घर पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने उनकी माता लक्ष्मी से पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली। ब्लॉक अध्यक्ष जियाउद्दीन अंसारी ने बताया कि गणेश मौर्य ने जमीन पर अवैध कब्जे से जुड़ी एक जनहित की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इससे तिलमिलाए विरोधी पक्ष ने पुलिस से सांठगांठ कर उन पर फिरौती मांगने का झूठा व मनगढ़ंत आरोप लगाते हुए अकबरपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवा दिया। जियाउद्दीन अंसारी ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। जनपद अंबेडकरनगर के अकबरपुर कोतवाली में सर्वाधिक और इब्राहिमपुर थाना इस मामले में दूसरे स्थान पर है। ये सभी मुकदमे केवल सच की आवाज दबाने और मीडिया पर दबाव बनाने के लिए दर्ज कराए जा रहे हैं। दूरभाष के माध्यम से परिजनों व प्रतिनिधिमंडल से जुड़े कांग्रेस जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि गणेश मौर्य एक जुझारू और निष्पक्ष पत्रकार हैं। उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन की साहसिक कवरेज की थी, जिसके बाद से ही भाजपा सरकार उन्हें निशाने पर लिए हुए थी।

## प्रशासन ने तैयारियों में झोंकी पूरी ताकत डीएम-एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

# गोविंद साहब में सात अगस्त को मुख्यमंत्री योगी का दौरा

**समीक्षा**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 7 अगस्त को प्रस्तावित गोविंद साहब दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों की रफ्तार तेज कर दी है। मंगलवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने गोविंद साहब पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान हेलीपैड से लेकर जनसभा स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग और यातायात प्रबंधन तक हर व्यवस्था की समीक्षा की गई।

अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, बिजली,



बैरिकेडिंग, मंच, वीआईपी मार्ग और आम लोगों के प्रवेश व निकास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित विभागों को सभी कार्य तय समय के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का अलग से निरीक्षण किया। उन्होंने बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग और यातायात संचालन की तैयारियों की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत

**निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की प्रगति पर चर्चा की गई। विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां तय की गईं और समयबद्ध तरीके से सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए।**

रहे और श्रद्धालुओं व आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।





जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित जिम्मेदारियां समय पर पूरी करें। हर व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं रहेगी।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर मंच और पंडाल लगाने का काम भी शुरू हो गया है। प्रशासन का फोकस सुरक्षा, यातायात और मूलभूत सुविधाओं को समय रहते पूरी तरह तैयार करने पर है।

### हेलीपैड से मंच तक हर व्यवस्था पर प्रशासन की नजर

निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल से करीब 300 मीटर दूर बनाए जा रहे हेलीपैड का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने निर्माण कार्य की प्रगति देखी और शेष कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। जनसभा स्थल पर बैठने की व्यवस्था, पार्किंग और आवागमन मार्ग को भी अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग को कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले सभी मार्गों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। वहीं बिजली विभाग को विद्युत आपूर्ति और लाइन संबंधी सभी कार्य समय पर पूरा करने को कहा गया।

# डीएम के निर्देश के बाद भी नहीं हटा पीडब्ल्यूडी भूमि से अतिक्रमण

## कटेहरी बाजार में घर के सामने टीन शेड रखकर कब्जे का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिले के कटेहरी बाजार क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी की भूमि पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसके घर के सामने टीन शेड रखकर अवैध कब्जा कर लिया गया है। इससे उसके घर का सहन और मुख्य प्रवेश मार्ग प्रभावित हो रहा है। मामले में लोक निर्माण विभाग (PWD) की ओर से नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। अब पीड़ित ने जिलाधिकारी से दोबारा कार्रवाई की मांग की है।

कटेहरी बाजार प्रतापपुर चमुर्खा निवासी सत्यम पुत्र ज्ञानप्रकाश ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसके घर के सामने पीडब्ल्यूडी की भूमि पर टीन शेड



रखकर अतिक्रमण किया गया है। उनका कहना है कि इस अतिक्रमण के कारण उनके घर के सामने का सहन और आने-जाने का रास्ता प्रभावित हो गया है।

शिकायत के अनुसार, मामले की जानकारी पहले लोक निर्माण विभाग को दी गई थी। विभाग की ओर से संबंधित पक्ष को नोटिस भी जारी किया गया, लेकिन नोटिस के बाद भी

**शिकायतकर्ता ने फिर लगाई गुहार, नोटिस के बावजूद कार्रवाई नहीं होने की शिकायत**

अतिक्रमण नहीं हटाया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि विभाग केवल नोटिस जारी कर औपचारिकता निभा रहा है, जबकि मौके पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। सत्यम ने बताया कि मामले की शिकायत जिलाधिकारी से भी की गई थी। उनका कहना है कि जिलाधिकारी के निर्देश के बाद भी संबंधित विभाग की ओर से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उनके अनुसार अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

**फास्ट न्यूज**

### तमसा नदी किनारे महिला और दो बच्चों को सुरक्षित बचाने वाली पुलिस टीम सम्मानित

अम्बेडकरनगर। तमसा नदी के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिली महिला और उसके दो छोटे बच्चों को सुरक्षित संरक्षण देने तथा परिजनों से मिलाने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस कर्मियों की त्वरित कार्रवाई, मानवीय संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

### रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की नई कार्यकारिणी निर्विरोध चुनी गई

अंबेडकरनगर। अकबरपुर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की नई कार्यकारिणी का चुनाव मंगलवार को सर्वसम्मति से संपन्न हो गया। सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र दाखिल होने के कारण निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। चुनाव परिणाम के अनुसार रजनीकांत मिश्र शाखा अध्यक्ष और मिश्रीलाल शाखा मंत्री निर्वाचित हुए। वहीं, प्रमोद कुमार तिवारी को वरिष्ठ शाखा उपाध्यक्ष चुना गया।

### बच्चों की ट्रैफिकिंग रोकने के लिए जन विकास संस्थान का अभियान शुरू

अम्बेडकरनगर। बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत जन विकास संस्थान ने जिले में बाल ट्रैफिकिंग के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने की घोषणा की है। संस्थान ने कहा कि सरकार, प्रशासन और आम नागरिकों के सहयोग से बच्चों की ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# फूल लेकर लौट रही महिला को अज्ञात वाहन ने रौंदा

## जिला अस्पताल पहुंचते ही मौत बेवाना तिराहे के पास हुआ हादसा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। बेवाना थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। बेवाना तिराहा स्थित पाल टेंट हाउस के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान बेवाना निवासी कमला देवी (55) पत्नी स्वर्गीय कन्हैयालाल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, कमला देवी मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे पूजा के लिए फूल तोड़ने गई थीं। फूल लेकर वह घर वापस लौट रही थीं। इसी दौरान अकबरपुर-दोस्तपुर मुख्य मार्ग पर बेवाना तिराहा स्थित पाल टेंट हाउस के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि महिला सड़क पर गिरकर घायल हो



गईं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। कमला देवी के परिवार में एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। पुत्र आकाश मोदनवाल (28) घर के सामने मुख्य मार्ग पर आकाश फास्ट फूड नाम से दुकान चलाते हैं। बेटियों में माया, निशा और शालिनी शामिल हैं। शालिनी अविवाहित है।

परिजनों ने बताया कि वर्ष 2005 में पति कन्हैयालाल के निधन के बाद कमला देवी ने ही परिवार की जिम्मेदारी संभाली और बच्चों का पालन-पोषण किया।

# फतेहगढ़ से अंबेडकरनगर शिफ्ट हुए पूर्व विधायक पवन पांडेय

## एमपी-एमएलए कोर्ट में तीन मामलों की हुई सुनवाई

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। पूर्व विधायक पवन पांडेय को सोमवार को फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार से अंबेडकरनगर लाकर विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश किया गया। गैंगस्टर एक्ट, बलवा और एससी-एसटी एक्ट से जुड़े मामलों में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अलग-अलग बिंदुओं पर आदेश पारित किए। दो मामलों में पूर्व विधायक के बयान दर्ज किए गए, जबकि गैंगस्टर मामले में आरोप तय करने की प्रक्रिया फिलहाल स्थगित रही।

अकबरपुर कोतवाली में वर्ष 2024 में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में आरोप तय होने थे। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने डिस्चार्ज अर्जी दाखिल करने के लिए



समय मांगा। विशेष न्यायाधीश परविंद कुमार ने प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए बचाव पक्ष को अर्जी दाखिल करने का अवसर प्रदान किया। इसके बाद मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त तय की गई। कोर्ट ने वर्ष 1999 के बलवा मामले में पूर्व विधायक के बयान दर्ज किए। वहीं वर्ष 2023 में दर्ज एससी-एसटी एक्ट के मामले में अभियोजन पक्ष कोई गवाह पेश नहीं कर सका। गवाहों के अनुपस्थित रहने पर न्यायालय ने अभियोजन का अवसर समाप्त करते हुए आरोपी के बयान दर्ज किए और अगली प्रक्रिया के लिए मामला नियत कर दिया।

सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने अदालत को बताया कि फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार में निरुद्ध होने के कारण पूर्व विधायक को कई बार समय पर अदालत में पेश नहीं किया जा सका। इससे मामलों की सुनवाई प्रभावित हो रही थी और न्यायिक प्रक्रिया में विलंब हो रहा था। इसी आधार पर उन्हें जिला कारागार अंबेडकरनगर में स्थानांतरित किए जाने का अनुरोध किया गया।

कोर्ट ने इस प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए जिला कारागार अंबेडकरनगर के जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश जारी किए।

# श्रावस्ती हादसे में जान गंवाने वाले सिपाही चंदन का अंतिम संस्कार

## अहिरौली एकडल्ला गांव पहुंचा पार्थिव शरीर

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। कटका थाना क्षेत्र के अहिरौली एकडल्ला गांव निवासी सिपाही चंदन का मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। श्रावस्ती में सड़क दुर्घटना में मौत के बाद उनका पार्थिव शरीर देर रात पैतृक गांव पहुंचा। बुधवार को बांदीपुर स्थित तमसा नदी के किनारे जगरदेव बाबा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। सिपाही चंदन श्रावस्ती जिले में तैनात थे। जानकारी के अनुसार, 3 जुलाई को ड्यूटी के दौरान उनका सड़क हादसा हो गया था। पोस्टमार्टम के बाद उनका पार्थिव शरीर गांव लाया गया, जहां परिवार और ग्रामीणों ने अंतिम दर्शन किए। चंदन अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। उनके पिता राम आसरे का पहले ही निधन हो चुका था। चंदन अपने पीछे मां, पत्नी और तीन साल की बेटी को छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या



में ग्रामीण और क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। पूरे गांव में शोक का माहौल रहा। लोगों ने नम आंखों से सिपाही चंदन को अंतिम विदाई दी।

बांदीपुर तमसा नदी के जगरदेव घाट पर अंतिम संस्कार में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक सुभाष राय और जिला पंचायत सदस्य जयप्रकाश यादव भी पहुंचे। पूर्व विधायक ने परिवार को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया।

इसके अलावा गांव प्रधान पूनम देवी के पति श्रवण कुमार और चकिया के प्रधान प्रतिनिधि राकेश चौहान समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

## 196 वर्ग मीटर जमीन के फर्जीवाड़े में मुकदमा दर्ज बैनामे के 10 दिन बाद दानपत्र का खेल

# खतौनी में नाम नहीं फिर भी करा लिया बैनामा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जमीन के दस्तावेजों में हेराफेरी कर स्वामित्व बदलने के आरोप में अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। चौक शहजादपुर निवासी अभिषेक जायसवाल उर्फ निक्कू पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर 196 वर्ग मीटर भूमि का बैनामा कराने और बाद में उसे दानपत्र के जरिए हस्तांतरित करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हुई जांच के बाद यह कार्रवाई की गई। शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने लोरपुर रियासत से जुड़े लोगों का कथित मुख्तार बताते हुए भूमि पर अपना अधिकार जताया। जबकि राजस्व अभिलेखों में उसका नाम दर्ज नहीं था। आरोप है कि इसी आधार पर




**बैनामे के बाद 10 दिन में बदला जमीन का रिकॉर्ड**

इस पूरे मामले में पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि दस्तावेजों की तैयारी, पंजीकरण और भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में कौन-कौन लोग शामिल रहे।

7 अगस्त 2024 को विवादित भूमि का बैनामा अपने पक्ष में कराया गया। पुलिस अब इस प्रक्रिया में इस्तेमाल किए गए दस्तावेजों और उनकी सत्यता की जांच कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने जांच के निर्देश दिए थे। जांच रिपोर्ट के आधार पर 4 अगस्त 2026 को अकबरपुर

**जांच में सामने आए आरोपों के अनुसार, बैनामा कराने के कुछ ही दिनों बाद 16 अगस्त 2024 को उसी भूमि का दानपत्र तैयार कराया गया। आरोप है कि इसके जरिए जमीन दो महिलाओं के नाम पंजीकृत करा दी गई।**

### शिकायत में सामने आया जमीन हस्तांतरण का पूरा मामला

पुलिस के अनुसार, हरिराम गुप्ता ने 2 मई 2025 को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि सरजू प्रसाद और रामकृपाल तिवारी की भूमि को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कब्जाने और बेचने का प्रयास किया गया। शिकायत में बताया गया कि संबंधित भूमि का रकबा 196 वर्ग मीटर है। आरोप है कि दस्तावेजों में हेराफेरी कर जमीन पर अधिकार दिखाया गया और फिर उसका पंजीकृत बैनामा करा लिया गया।

कोतवाली में अभिषेक जायसवाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की विवेचना जारी है। जांच के दौरान मिलने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तमसा नदी किनारे महिला और दो बच्चों को सुरक्षित बचाने वाली पुलिस टीम सम्मानित

## एसपी प्राची सिंह ने मिशन शक्ति और पीआरवी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। तमसा नदी के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिली महिला और उसके दो छोटे बच्चों को सुरक्षित संरक्षण देने तथा परिजनों से मिलाने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस कर्मियों की त्वरित कार्रवाई, मानवीय संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

पुलिस के अनुसार, 31 जुलाई 2026 को डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली कि एक महिला अपने दो छोटे बच्चों के साथ तमसा नदी के किनारे संदिग्ध अवस्था में घूम रही है। सूचना मिलते ही पीआरवी 2डब्ल्यू पर तैनात आरक्षी धीरज सिंह और आरक्षी मानवेंद्र पाल ने मिशन शक्ति टीम, थाना अहिरौली से समन्वय स्थापित किया और तत्काल



मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने महिला और दोनों बच्चों को सुरक्षित संरक्षण में लिया। पूछताछ और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर महिला की पहचान की गई। पुलिस के अनुसार, महिला की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं थी। इसके बावजूद टीम ने धैर्य और संवेदनशीलता के साथ उसके परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया।

थाना इनायतनगर के माध्यम से महिला के परिजनों को तत्काल सूचना दी गई। इस दौरान महिला और दोनों बच्चों के भोजन की व्यवस्था भी पुलिस ने कराई। परिजनों के पहुंचने के बाद आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए महिला और बच्चों को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया।

इस सराहनीय कार्य में मिशन शक्ति थाना अहिरौली के उपनिरीक्षक इंद्रेश कुमार, आरक्षी अर्जुन राजभर, आरक्षी पवन चौहान, महिला आरक्षी उज्ज्वला सिंह और महिला आरक्षी अनुष्का पाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं पीआरवी पर तैनात आरक्षी धीरज सिंह और आरक्षी मानवेंद्र पाल ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सभी पुलिस कर्मियों की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनकी त्वरित कार्रवाई, मानवीय संवेदनशीलता और उत्कृष्ट पुलिस सेवा की भावना सराहनीय है।

# नगपुर सीएचसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

## ओपीडी से दवा वितरण तक परखी व्यवस्थाएं

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. प्रमोद कुमार ने मंगलवार को जलालपुर क्षेत्र स्थित नगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को मिल रही सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण की शुरुआत ओपीडी से हुई। सीएमओ ने मरीजों के पंजीकरण, उपचार व्यवस्था और चिकित्सकीय सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

इसके बाद सीएमओ ने दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया।



उन्होंने उपलब्ध दवाओं, वितरण व्यवस्था और संबंधित अभिलेखों की जांच की। साथ ही अस्पताल कार्यालय और अन्य महत्वपूर्ण कक्षों का भी निरीक्षण कर रिकॉर्ड संधारण, साफ-सफाई और कार्यप्रणाली का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। सीएमओ ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए कर्मचारियों से इसी तरह सेवाएं बनाए रखने को कहा।

डॉ. प्रमोद कुमार ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

**फैसला : एससी-एसटी कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा, 21,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया**

# गैंगरेप केस में दोषी संजय मिश्रा को उम्रकैद

**सजा**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। वर्ष 2024 में अहिरौली थाना क्षेत्र में युवती से सामूहिक दुष्कर्म के चर्चित मामले में विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट चिंताराम की अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने आरोपी संजय मिश्रा को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 21,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। मामले के दूसरे आरोपी के किशोर होने के कारण उसका मुकदमा अलग से किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है। शिकायत के आधार



पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, आपराधिक धमकी और एससी-एसटी एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। विवेचना पूरी होने के बाद आरोप पत्र विशेष न्यायालय में दाखिल किया गया। अदालत ने सभी संबंधित धाराओं में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा 21,500 रुपये का अर्थदंड भी

### 22 मई 2024 की घटना, खेत में ले जाकर दुष्कर्म का आरोप

अभियोजन के अनुसार, पीड़िता ने अहिरौली थाने में दर्ज कराई गई तहरीर में बताया था कि 22 मई 2024 को वह शौच के लिए घर से बाहर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के संजय मिश्रा और एक किशोर ने उसे रोक लिया, मुंह दबाकर बंधक बनाया और खेत में ले गए। वहां दोनों पर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया था कि घटना के बाद उसे धमकी दी गई।

**मामले की सुनवाई विशेष एससी-एसटी कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष ने पीड़िता सहित कुल नौ गवाह अदालत में पेश किए। न्यायालय ने गवाहों के बयान, दस्तावेजी साक्ष्य और दोनों पक्षों की दलीलों का परीक्षण करने के बाद संजय मिश्रा को दोषी माना।**

लगाया गया। मामले में शामिल दूसरे आरोपी के घटना के समय किशोर होने के कारण उसकी पत्रावली पहले ही अलग कर दी गई थी। उसका मामला किशोर न्याय बोर्ड में लंबित है, जहां नियमानुसार सुनवाई जारी है। इस फैसले के साथ वर्ष 2024 के इस मामले में वयस्क आरोपी के खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया पूरी हो गई, जबकि किशोर आरोपी के संबंध में आगे की कार्रवाई किशोर न्याय बोर्ड में जारी रहेगी।

# 'या हुसैन' की सदाओं के बीच निकला मातमी जुलूस

## अकीदत के साथ मनाया गया चेहल्लुम

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिले के जलालपुर में मंगलवार को हजरत इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला का चेहल्लुम अकीदत और गमगीन माहौल में मनाया गया। जाफराबाद मोहल्ला स्थित छोटे इमामबाड़े में अंजुमन जाफरिया की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अजादार शामिल हुए। मर्सिया, नौहा और मातम के बीच पूरे क्षेत्र में 'या हुसैन' की सदाएं गूंजती रहीं।

कार्यक्रम में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मौलाना असगर एजाज कायमी ने तकरीर की। उन्होंने हजरत इमाम हुसैन की शहादत के बाद अहले बैत पर हुए अत्याचारों और कैद के घटनाक्रम का जिक्र किया। उनकी तकरीर को अजादारों ने गंभीरता से सुना।

चेहल्लुम के मौके पर गहवारा



अली असगर, दुलदुल और अलम की जियारत के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जुलूस में अंजुमन जुल्फिकारिया, हुसैनिया, अब्बासिया, काजिमया, रौनक-ए-अजा, अजाए हुसैन समेत करीब दो दर्जन अंजुमनों ने हिस्सा लिया। नौहा-ख्वानी और सीना-जनी के जरिए शहीदाने कर्बला को श्रद्धांजलि दी गई। सुबह रौजा बाबुल हवाएज से अमारियां बरामद की गईं, जिसकी निकाबत मौलाना जाफर रजा ने की। इसके बाद हजरत सकीना की याद में जिंदान-ए-शाम का मंजर पेश किया गया।

# सम्पादकीय

## उपचुनाव नतीजों का संदेश



तीन राज्यों की तीन विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में से दो में भाजपा की हार यह संदेश देने वाली है कि उसकी चुनौतियां बढ़ भी सकती हैं। इनमें से बिहार की बांकीपुर सीट के परिणाम ने इसलिए सबसे अधिक ध्यान खींचा, क्योंकि 1995 से यह भाजपा के पास थी। इसके अलावा यह भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के राज्यसभा जाने से रिक्त हुई थी। भाजपा केवल अपने अध्यक्ष की सीट बचाने में ही नाकाम नहीं, बल्कि उसे पराजय का स्वाद बिहार में भाजपा के मुख्यमंत्री रहते हुए चखना पड़ा।

चूंकि मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट कांग्रेस के पास थी और यह क्षेत्र उसका ही गढ़ है, इसलिए भाजपा यहां अपनी पराजय को हल्के में ले सकती है। इसके बाद भी वह इसकी अनदेखी नहीं कर सकती कि आम तौर पर उपचुनावों में सत्ताधारी दल जीत हासिल करते हैं, जैसे गुजरात की मांजलपुर सीट भाजपा ने आसानी से जीत ली। निःसंदेह उपचुनाव नतीजों के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि वे सदैव किसी बड़ी लहर का सूचक होते हैं।

इतना अवश्य है कि कई बार वे बदलते राजनीतिक माहौल का परिचायक बन जाते हैं। यह समय बताएगा कि बांकीपुर और दतिया के नतीजे भाजपा के लिए स्थायी झटका हैं या अस्थायी, क्योंकि एक समय वह उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ और केशव प्रसाद मौर्य की ओर से छोड़ी गईं लोकसभा सीटें हार गई थी।

बांकीपुर से जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर का चुनाव जीतना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि एक तो वे प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर सवाल उठा रहे थे और दूसरे, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सीधे तौर पर चुनौती दे रहे थे। यह भी उल्लेखनीय है कि वे मुख्य विपक्षी दल राजद को तीसरे स्थान पर धकेलने में सफल रहे। स्पष्ट है कि बांकीपुर का नतीजा राजद के लिए भी चिंता का कारण बनना चाहिए। कहना कठिन है कि बांकीपुर से जीत हासिल कर पहली बार विधायक बने प्रशांत किशोर बिहार में तीसरी राजनीतिक शक्ति खड़ी कर पाएंगे या नहीं, लेकिन उनकी जीत कहीं न कहीं जनता के असंतोष को बयान करती है। इस असंतोष के कारणों में राज्य के साथ केंद्र सरकार की रीति-नीति भी हो सकती है और स्थानीय समीकरण भी। यह ध्यान रहे कि उपचुनाव एक ऐसे माहौल में हुए, जब नीट पेपर लीक को लेकर युवाओं के आक्रोश को भुनाया जा रहा था। इसके पहले उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने वाले यूजीसी के नियमों ने सामान्य वर्ग के लोगों को नाराज किया था। इसके अतिरिक्त बिहार में भरत तिवारी एनकाउंटर जैसे मामले भी चर्चा में थे। यह भी न भूला जाए कि बांकीपुर से भाजपा ने अपना प्रत्याशी बदलकर अपने लिए मुसीबतें बढ़ाईं। दतिया में भी उसने पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्र को हाशिए पर किया।

## शब्दों का लहजा

आज के ज़माने में तेज़-तर्रार कोई नही सुनता हैं । हमें सख़्ती की जगह नरमी से बात रखनी आनी चाहिए क्योंकि तमाम लहजों में लहजा वही जो प्यार का है। तभी तो नसीहत मीठे एवं नरम शब्दों में ही अच्छी लगती है, कडवे एवं चीख कर कहे शब्दों का मतलब गलती को ठीक करना नही बल्कि व्यक्ति को गलत सिद्ध करना होता है। इसलिए कहिए मगर प्यार से कर्म ही दण्डित करे, कर्म ही पुरस्कृत करे । हमारे द्वारा सही समय पर सही अंदाज व सही उच्चारण से भावित शब्द महज शब्द नहीं है , वे सहज ही गजब कर सुप्त चेतना को जागृत कर ढा सकते हैं । प्राचीन युद्ध प्रणाली में जब दोनों सेनापतियों का शंखनाद होता था , वह न केवल युद्ध प्रारम्भ करने का आह्वान होता था , योद्धाओं के तन मन में पुरा जोश भरने का भी नाद था । योद्धाओं के तन-मन में पंख लग जाते थे । वह जब शंख पूरे ज़ोर से बजते थे । तात्पर्य सफलता के लिए बहुत महत्व प्रेरक शब्दों का है पर बोलने के लिए सही लहजे का प्रयुक्त हो शर्त है । हमारे द्वारा अक्सर लहजे को नजर अंदाज कर दिया जाता है पर सही शब्दों और सही लहजे से ही प्रेरित होकर इन्सान ऊंची उड़ान भर सकता है । अतः हमारे द्वारा सही सहज शब्दों के साथ सही लहजा भी जरूरी है नहीं तो हमारे शब्द की शक्ति अधूरी रह जाती है । शब्द कभी भी बोलते नहीं हैं । वह अपने बंद मुख को कभी खोलते नहीं हैं । इसलिए हमारे द्वारा उनका लहजा कभी गड़बड़ाना नहीं जानता हैं । शब्द कभी भी लड़खड़ाना नहीं जानता हैं । शब्दों को इज्जत देना है तो लहजे का भी ध्यान रखना होगा, शब्दों के साथ ही साथ हमें लहजे का भी मान रखना होगा। हम जरा ध्यान दें हमारा या उसका बोलने का लहजा ही पारस्परिक सम्बन्धों की समस्याओं का उद्गम है । यह निश्चित है कि यदि हर आदमी अपने बोलचाल के लहजे पर विशेष ध्यान दे तो अधिकांश समस्याएं जन्म ही नहीं लेंगी, उसको ज्ञान हो जाएगा ।

> प्रदीप छाजेड़

# लखनऊ किसानों को आत्मनिर्भर बना रही निशुल्क बोरिंग योजना



> निशुल्क बोरिंग योजना किसानों के लिए एक वरदान है, जो उन्हें सिंचाई की स्थायी सुविधा प्रदान करके उनकी खेती को अधिक उत्पादक और लाभकारी बनाती है। यह योजना राज्य के ग्रामीण विकास और कृषि समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले समय में और भी अधिक प्रभावी सिद्ध हो सकती है।

निशुल्क बोरिंग योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण किसान-हितैषी पहल है, जिसका उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को सिंचाई की समुचित सुविधा उपलब्ध कराना है। भारत एक कृषि प्रधान देश है और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में खेती अधिकांश लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन है। ऐसे में सिंचाई की उपलब्धता खेती की सफलता का आधार मानी जाती है। जिन क्षेत्रों में नहरों या अन्य सिंचाई संसाधनों की कमी होती है, वहाँ किसानों को वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे उनकी फसलें अक्सर प्रभावित होती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए निशुल्क बोरिंग योजना की शुरुआत की गई, ताकि किसानों को अपने खेतों में पानी की स्थायी व्यवस्था मिल सके और उनकी आय में वृद्धि हो। इस योजना के अंतर्गत सरकार छोटे और सीमांत किसानों को उनके खेतों में बोरिंग (नलकूप) कराने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करती है। कई बार किसान अपनी सीमित आय के कारण बोरिंग जैसे कार्यों पर खर्च नहीं कर पाते, जिससे वे सिंचाई के आधुनिक साधनों से वंचित रह जाते है। इस योजना के माध्यम से सरकार किसानों की इस समस्या का समाधान करती है और उन्हें खेती के लिए आवश्यक पानी की सुविधा उपलब्ध कराती है। इससे किसान अपनी फसलों की बेहतर देखभाल कर सकते है और उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं।

निशुल्क बोरिंग योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी कृ षि उत्पादकता को बढ़ाना है। जब खेतों में समय पर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होती है, तो फसलें अधिक स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण होती है। इससे किसानों को बाजार में बेहतर मूल्य मिलता है और उनकी आय में वृद्धि होती है। इसके साथ ही, यह योजना सूखा प्रभावित क्षेत्रों में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है, जहाँ पानी की कमी के कारण खेती करना कठिन होता है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा बोरिंग कराने के लिए निर्धारित राशि का वहन किया जाता है। इसमें बोरिंग की खुदाई, पाइप, पंप सेट और अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था शामिल होती है। हालांकि, कुछ मामलों में किसान को आंशिक योगदान भी देना पड़ सकता है, लेकिन अधिकांश लागत सरकार द्वारा वहन की जाती है। यह सहायता सीधे लाभार्थी को प्रदान की जाती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है और योजना का लाभ सही व्यक्ति तक पहुँचता है। निशुल्क बोरिंग योजना का लाभ मुख्य रूप से छोटे और सीमांत किसानों को दिया जाता है, जिनके पास सीमित भूमि होती है और जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। इस योजना के लिए पात्रता निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार लाभार्थी उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए और उसके पास खेती योग्य भूमि होनी चाहिए। साथ ही, किसान की आय और भूमि के आकार के आधार पर भी पात्रता तय की जाती है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि योजना का लाभ वास्तव में जरूरतमंद किसानों तक पहुँचे। इस योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह जल प्रबंधन को भी बढ़ावा देती है। आधुनिक बोरिंग तकनीकों के उपयोग से पानी का बेहतर और नियंत्रित उपयोग संभव होता है। इससे पानी की बर्बादी कम होती है और जल संसाधनों का संरक्षण होता है। इसके साथ ही, किसान ड्रिप इरिगेशन और स्प्रिंकलर जैसी तकनीकों का भी उपयोग कर सकते हैं, जिससे पानी की बचत होती है और फसल की उत्पादकता बढ़ती है।

निशुल्क बोरिंग योजना का प्रभाव किसानों के जीवन में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। जिन किसानों के पास पहले सिंचाई की सुविधा नहीं थी, वे अब साल में एक से अधिक फसलें उगा पा रहे हैं। इससे उनकी आय में वृद्धि हुई है और उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। इसके अलावा, यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी उत्पन्न करती है, क्योंकि बोरिंग और संबंधित कार्यों में स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है।

हालांकि, इस योजना के सामने कुछ चुनौतियाँ भी हैं। सबसे बड़ी चुनौती जल स्तर में गिरावट है। यदि बोरिंग का अत्यधिक उपयोग किया जाता है, तो भूजल स्तर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए, इस योजना के साथ-साथ जल संरक्षण के उपायों को भी अपनाना आवश्यक है। वर्षा जल संचयन, तालाबों का पुनर्जीवन और जल बचत तकनीकों का उपयोग इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते है। इसके अलावा, कुछ क्षेत्रों में तकनीकी जानकारी की कमी भी एक समस्या हो सकती है। किसानों को यह जानकारी होना आवश्यक है कि बोरिंग का सही उपयोग कैसे किया जाए और पानी का संरक्षण कैसे किया जाए। इसके लिए सरकार द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम और जागरूकता अभियान चलाए जा सकते है, ताकि किसान इस योजना का अधिकतम लाभ उठा सकें। निशुल्क बोरिंग योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सरकार को निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली को मजबूत करना होगा। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि योजना का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुँचे और इसका दुरुपयोग न हो। इसके साथ ही, तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से बोरिंग की गुणवत्ता और टिकाऊपन को भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यह योजना केवल सिंचाई की सुविधा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह किसानों के समग्र विकास में भी योगदान देती है। जब किसानों की आय बढ़ती है, तो वे अपने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यकताओ पर अधिक खर्च कर पाते है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होता है और सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार आता है। निशुल्क बोरिंग योजना का एक और सकारात्मक पहलू यह है कि यह कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है। जब किसानों के पास अपनी सिंचाई की व्यवस्था होती है, तो वे बाहरी संसाधनों पर कम निर्भर होते है और अपनी खेती को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित कर सकते हैं। इससे उनकी उत्पादकता और लाभ दोनों में वृद्धि होती है। अंततः यह कहा जा सकता है कि निशुल्क बोरिंग योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक अत्यंत उपयोगी और प्रभावशाली पहल है, जो किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। यह योजना न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाती है, बल्कि कृषि क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**आदर अदीब पावेल बन्धु**

## आज, जब भारतीय...

कुमार कृष्णन

# भागलपुर : जहाँ गांधी ने भारत का नैतिक मानचित्र बनाया

भारत का स्वतंत्रता संग्राम केवल सत्ता परिवर्तन का इतिहास नहीं बल्कि भारतीय समाज के नैतिक पुनर्जागरण की विराट गाथा है। यदि इस संघर्ष को केवल आंदोलनों, जेल यात्राओं और राजनीतिक समझौतों तक सीमित कर दिया जाए, तो उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि हमारी दृष्टि से ओझल हो जाती है। महात्मा गांधी ने स्वराज को केवल अंग्रेज़ी शासन से मुक्ति नहीं माना; उन्होंने उसे आत्मसम्मान, सत्य, सामाजिक न्याय, भाषा, शिक्षा और मानवीय मूल्यों से जोड़कर देखा। उनके लिए राष्ट्र का निर्माण संसदों में नहीं, बल्कि नागरिकों के चरित्र और समाज की चेतना में होता है। इसलिए उनकी यात्राएँ केवल राजनीतिक अभियान नहीं थीं, बल्कि भारत की आत्मा से संवाद की यात्राएँ थीं। बिहार का भागलपुर इस दृष्टि से गांधी के जीवन का एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव है। वे यहाँ चार बार—1917, 1920, 1925 और 1934—आए। प्रत्येक यात्रा का उद्देश्य अलग था, परंतु लक्ष्य एक ही था—भारतीय समाज को भीतर से बदलना। पहली यात्रा में उन्होंने मातृभाषा और शिक्षा को स्वराज का आधार बनाया, दूसरी में असहयोग आंदोलन को नैतिक जनआंदोलन का स्वर दिया, तीसरी यात्रा में सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक विश्वास का संदेश दिया




तथा चौथी बार भूकंप राहत और हरिजन सेवा के माध्यम से करुणा को राष्ट्रनिर्माण का आधार बताया। इन चार यात्राओं को एक साथ पढ़ने पर स्पष्ट होता है कि भागलपुर गांधी के लिए केवल एक नगर नहीं, बल्कि भारत के नैतिक मानचित्र का एक जीवंत केंद्र था। 15 अक्टूबर 1917 को भागलपुर के कटहलबाड़ी में बिहारी छात्रों का ऐतिहासिक सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता स्वयं महात्मा गांधी ने की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद सहित बिहार के अनेक शिक्षाविद, समाजसेवी और सार्वजनिक जीवन के प्रतिनिधि उसमें उपस्थित थे। गांधी ने अपने अध्यक्षीय भाषण की शुरुआत हिंदी में करते हुए कहा मुझे अध्यक्ष का पद देकर, हिंदी में व्याख्यान देने और सम्मेलन का कार्य हिंदी में चलाने की अनुमति देकर आपने मेरे प्रति अपने प्रेम का परिचय दिया है।₹

यह केवल औपचारिक धन्यवाद नहीं था। यह उस मानसिक दासता के विरुद्ध उद्घोष था जिसने भारतीयों को यह विश्वास दिला दिया था कि आधुनिक ज्ञान, प्रतिष्ठा और प्रगति का माध्यम केवल अंग्रेज़ी ही हो सकती है। गांधी ने विद्यार्थियों से कहा कि जिस राष्ट्र को अपनी भाषा पर विश्वास नहीं होता, वह अपनी आत्मा पर भी विश्वास नहीं कर सकता। शिक्षा तभी लोकतांत्रिक होगी जब वह जनता की भाषा में उपलब्ध होगी।

गांधी का आशय किसी एक भाषा का वर्चस्व स्थापित करना नहीं था। वे भारत की सभी मातृभाषाओं के समान सम्मान के पक्षधर थे। बंगला, तमिल, उड़िया, मराठी, गुजराती, पंजाबी, मैथिली अथवा हिंदी—हर भाषा उनके लिए भारत की सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग थी। साथ ही वे यह भी मानते थे कि इतने विशाल देश को जोड़ने के लिए एक ऐसी संपर्क भाषा आवश्यक है जिसे अधिकांश भारतीय सहजता से समझ सकें। इसलिए उन्होंने हिंदी अथवा व्यापक अर्थ में हिंदुस्तानी का समर्थन किया।

गांधी अंग्रेज़ी के विरोधी नहीं थे। वे स्वयं अंग्रेज़ी के गहरे अध्येता थे। उनका विरोध उस व्यवस्था से था जिसमें ज्ञान और अवसर केवल अंग्रेज़ी जानने वाले सीमित वर्ग तक सिमट जाएँ। उनका विश्वास था कि यदि शिक्षा जनता की भाषाओं में उपलब्ध नहीं होगी तो लोकतंत्र भी अधूरा रह जाएगा।

आज, जब भारतीय भाषाओं में चिकित्सा, इंजीनियरिंग और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में नए प्रयास हो रहे हैं, तब भागलपुर में एक शताब्दी पहले व्यक्त गांधी की यह दृष्टि आश्चर्यजनक रूप से समकालीन प्रतीत होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को केवल भाषा का सम्मान करना नहीं सिखाया, बल्कि आत्मविश्वास का पहला पाठ पढ़ाया।

## इसका परिणाम...

प्रवीण मालवीय

# प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को कनेक्शन लेना हुआ आसान, 'झटपट पोर्टल' बना आमजन के लिए वरदान

उत्तर प्रदेश में सुशासन और तकनीक आधारित पारदर्शी व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग ने उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं। कभी नया बिजली कनेक्शन प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को बिजली विभाग के चक्कर लगाने पड़ते थे, लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती थी और प्रक्रिया जटिल मानी जाती थी। आज वही व्यवस्था पूरी तरह बदल चुकी है। ऊर्जा विभाग का ''झटपट पोर्टल'' प्रदेश के लाखों नागरिकों के लिए तेज, सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवा का माध्यम बन गया है। मुख्यमंत्री जी का स्पष्ट विजन रहा है कि सरकारी सेवाएं नागरिकों के दरवाजे तक सरल और पारदर्शी रूप में पहुंचें। इसी सोच को साकार करते हुए ऊर्जा विभाग ने बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और समयबद्ध बनाया है। इसका परिणाम यह है कि आज उपभोक्ता घर बैठे आवेदन कर रहे हैं और निर्धारित समय सीमा में नया बिजली कनेक्शन प्राप्त कर रहे हैं। झटपट पोर्टल की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण इसके माध्यम से जारी किए गए रिकॉर्ड नए बिजली कनेक्शन हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में झटपट पोर्टल के जरिए 13,98,344 नए बिजली संयोजन जारी किए गए, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में केवल जून 2026 तक ही रिकॉर्ड 2,68,885 नए बिजली संयोजन जारी किए जा चुके हैं। आज प्रदेश में बिजली सेवाओं के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है और डिजिटल व्यवस्था ने आम नागरिकों का समय, श्रम और धन तीनों बचाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने ऊर्जा क्षेत्र को प्रदेश के विकास की आधारशिला माना है। उनकी सरकार ने बिजली उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ पारेषण और वितरण व्यवस्था को भी आधुनिक बनाया है। इसका सीधा लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचा है। प्रदेश में नए उपकेंद्रों का निर्माण, लाइनों का सुदृढ़ीकरण, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि और स्मार्ट तकनीकों के उपयोग ने बिजली व्यवस्था को पहले से कहीं अधिक मजबूत बनाया है।झटपट पोर्टल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि आवेदन से लेकर स्वीकृति और कनेक्शन जारी होने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। उपभोक्ता आवेदन की स्थिति भी ऑनलाइन देख सकते हैं। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और अनावश्यक कार्यालय की प्रक्रियाओं में कमी आई है। यही कारण है कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक बड़ी संख्या में लोग इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता केवल नए कनेक्शन जारी करना ही नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना भी है। मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाई है। प्रदेश का पारेषण तंत्र सुदृढ़ हुआ है और दिनांक 24 जून 2026 को 32673 मेगावॉट की रिकॉर्ड बिजली मांग को पूरा किया है। उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक बिजली आपूर्ति करने वाले राज्यों में शामिल हो चुका है। मजबूत वितरण व्यवस्था के कारण नए उपभोक्ताओं को भी बिना किसी परेशानी के बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

## जरा हटके

## प्रदेश सरकार राज्य...

डॉ0 सीमा गुप्ता

# सोनभद्र की संजू कुशवाहा ने 'श्री अन्न' प्रसंस्करण से पेश की महिला आत्मनिर्भरता की मिसाल

उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में पारंपरिक, पौष्टिक एवं जलवायु-अनुकूल 'श्री अन्न' (मिलेट्स) की खेती और इसकी व्यापक उपयोगिता को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक व दूरगामी अभियान संचालित कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम' के अंतर्गत बाजरा, ज्वार, रागी, सावां, कोदो, कुटकी और मडुआ जैसी पौष्टिक फसलों के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन तथा विपणन को अभूतपूर्व प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। इस राज्यव्यापी पहल का मुख्य उद्देश्य छोटे एवं सीमांत किसानों की आय में सुदृढ़ वृद्धि सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रदेश की जनता को कुपोषण से मुक्त कर एक स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के अनुरूप ही भारत की प्राचीन कृषि संस्कृति के इन मोटे अनाजों को 'श्री अन्न' का गौरवशाली नाम दिया गया और देश की इस पोषण परंपरा ने पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई वैश्विक पहचान प्रदान की। 'श्री अन्न' की सबसे बड़ी उपयोगिता भारत के ग्रामीण परिदृश्य और देश के ढाई करोड़ से अधिक अन्नदाताओं के जीवन में निहित है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को 'अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' घोषित किए जाने के बाद से इन स्वदेशी उत्पादों को सीधा अंतर्राष्ट्रीय बाजार और अत्यंत उचित मूल्य मिलना संभव हुआ है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नींव और अधिक मजबूत हुई है।

इसी कड़ी में प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे निरंतर व सुनियोजित प्रयासों की एक अत्यंत सुखद और प्रेरणादायक तस्वीर जनपद सोनभद्र से उभरकर सामने आई है। सोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज विकास खंड स्थित ग्राम पंचायत सजौर के मजरा मझिगांव चौबे की निवासी 41 वर्षीय संजू कुशवाहा ने 'श्री अन्न' के प्रसंस्करण से आत्मनिर्भरता की एक नई और अनुकरणीय मिसाल कायम की है। महिला स्वावलंबन की यह मिसाल साबित करती है कि कल्याणकारी नीतियां जब धरातल पर उतरती हैं, तो वे समाज में कितना गहरा और सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं।

संजू कुशवाहा ने वर्ष 2020 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़कर अपनी प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया। इसके उपरांत, उन्होंने जिला प्रशासन और राज्य सरकार के माध्यम से आयोजित विभिन्न कृषक एवं उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इन क्षमता संवर्धन कार्यक्रमों के जरिए उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण तथा मिलेट्स आधारित पौष्टिक उत्पाद तैयार करने की आधुनिक तकनीक को सीखा। यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात, संजू ने दिसंबर 2024 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से 20 हजार रुपये का प्रारंभिक वित्तीय ऋण प्राप्त किया और अपने घर से ही छोटे स्तर पर मिलेट्स कुकीज, बिस्किट, लड्डू और नमकीन का निर्माण कार्य आरंभ किया।

शुरुआती दौर में उत्पादन, पैकेजिंग और विपणन के मोर्चे पर अनेक चुनौतियां सामने आईं, परंतु उन्होंने हार नहीं मानी। संजू ने अपने उत्पादों की शुद्धता, प्राकृतिक स्वाद और उच्च गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित रखा। इसी निरंतरता और गुणवत्ता के बल पर स्थानीय बाजार में उनके उत्पादों की मांग में तेजी से वृद्धि हुई। कम समय में ही 'श्री अन्न' से निर्मित ये पौष्टिक व्यंजन आम उपभोक्ताओं की पसंद बन गए। संजू की इस अप्रत्याशित और शानदार सफलता से प्रेरित होकर गांव की अन्य आठ महिलाएं भी उनके स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़कर इस आर्थिक मुहिम का हिस्सा बन चुकी हैं।

वर्तमान में यह पूरा महिला समूह मिलकर मिलेट्स प्रसंस्करण और पैकेजिंग का कार्य अत्यंत कुशलता और पेशेवर ढंग से संभाल रहा है। इस सामूहिक उद्यम के परिणामस्वरूप, समूह से जुड़ी प्रत्येक महिला आज औसतन 10 हजार रुपये प्रतिमाह की सम्मानजनक आय अर्जित कर रही है। वहीं, इस पूरे उद्यमिता मॉडल का नेतृत्व कर रहीं संजू कुशवाहा स्वयं सभी कच्चे माल और व्यावसायिक खर्चों का निर्वहन करने के पश्चात प्रतिमाह 20 हजार रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ अर्जित कर रही हैं। इस आजीविका ने उनके पूरे परिवार का जीवन स्तर और सामाजिक दर्जा पूरी तरह से बदल दिया है। एक समय आर्थिक दबाव के तनाव से गुजरने वाला संजू का परिवार आज पूरी तरह से आत्मनिर्भर, सुरक्षित और खुशहाल है। पूर्व में जहां तीन बच्चों का भरण-पोषण करना भी एक अत्यंत कठिन चुनौती हुआ करती थी, वहीं आज उनकी बड़ी बेटी प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रहकर अपनी उच्च शिक्षा सुगमता से प्राप्त कर रही है। इसके अतिरिक्त, वे अपने अन्य दो बच्चों को भी उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध करा रही हैं। अब उनकी भावी योजना अपने उद्यम की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से आधुनिक मशीनरी स्थापित करने की है, ताकि इन शुद्ध 'श्री अन्न' उत्पादों को बड़े प्रादेशिक और राष्ट्रीय बाजारों तक व्यावसायिक रूप से पहुँचाया जा सके।

'श्री अन्न' केवल आर्थिक स्वावलंबन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह कृषि और स्वास्थ्य के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच भी है। बेहद कम पानी, कम उपजाऊ मिट्टी, सीमित उर्वरक और विपरीत मौसम में भी आसानी से लहलहाने वाली यह फसल पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ खेती (सस्टेनेबल फार्मिंग) का बेहतरीन उदाहरण है। प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण यह एक वास्तविक 'सुपरफूड' है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी गंभीर बीमारियों जैसे डायबिटीज और हृदय संबंधी समस्याओं से बचाव में इसे दैनिक आहार में शामिल करना अत्यंत कारगर सिद्ध हो रहा है।

प्रदेश सरकार राज्य में 'श्री अन्न' के इसी बहुआयामी विकास हेतु सभी विकास खंडों में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन कर रही है। इसके तहत उन्नत बीजों का पारदर्शी वितरण, तकनीकी मार्गदर्शन और सीधी अनुदान सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने तथा युवाओं व महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने हेतु किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), स्वयं सहायता समूहों और नवोन्मेषी उद्यमियों को मिलेट्स बीजों के उत्पादन के लिए प्रति एफपीओ 4 लाख रुपये तक की सीडमनी (बीज पूंजी) भी प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त, राज्य में मिलेट्स प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग केंद्रों की स्थापना को वृहद स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए 50 प्रतिशत तक का भारी सब्सिडी अनुदान दिया जा रहा है।

## लखनऊ में जंजीरों से मातम के बाद लहूलुहान हुए अकीदतमंद, बच्ची ने बांटी मेलोडी टॉफी

# चेहल्लुम जुलूस में ट्रंप नेतन्याहू की तस्वीरें पैरों से रौंदीं

**मातम**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में मोहर्रम के 40वें दिन मंगलवार को चेहल्लुम का जुलूस निकाला जा रहा है। करीब 5 किलोमीटर लंबा जुलूस चौक स्थित नाजिम साहब इमामबाड़ा से शुरू होकर तालकटोरा स्थित कर्बला तक जाएगा। जुलूस में शिया समुदाय के हजारों लोग काले कपड़े पहनकर और नंगे पैर शामिल हो रहे हैं। इमामबाड़ा नाजिम साहब के बाहर जमीन पर अमेरिका और इजराइल के झंडे के साथ डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीर लगाई है। इसे लोग पैरों से रौंदते हुए आगे बढ़ रहे हैं। जुलूस में सबसे आगे अकीदतमंद करीब 25





> एक कुंतल ड्राई फ्रूट से बना अलम जुलूस में शामिल किया गया। इसमें 20 किलो तालमखाना, 40 किलो छुहारा, 15 किलो अखरोट, 5 किलो गरी और 20 किलो खजूर का इस्तेमाल किया गया।

फीट ऊंचा हजरत अब्बास का अलम-ए-मुबारक लेकर चल रहे हैं। कई लोग ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई और उनके बेटे मोजतबा खामेनेई की तस्वीरें लेकर भी जुलूस में शामिल हुए हैं। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने जंजीरों से मातम किया। मातम से कई अकीदत-मंदों के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दिए। वे लहूलुहान नजर आए।

### 'इमाम हुसैन की याद में निकाला जा रहा चेहल्लुम का जुलूस'

शिया धर्मगुरु मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ आज से 40 दिन पहले कर्बला में शहीद हुए थे उन्हीं की याद में चेहल्लुम का जुलूस निकाला जाता है। यहां पर अमेरिका और इजराइल का झंडा इसलिए पैरों से रौंदा जा रहा है क्योंकि नेतन्याहू और ट्रंप इंसानियत के दुश्मन हैं।

### 10 कंपनी पीएसी और अर्द्धसैनिक बल तैनात

पुलिस ने जुलूस की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल के साथ 10 कंपनी पीएसी, अर्द्धसैनिक बल और वायरलेस यूनिट तैनात की है। प्रत्येक जोन की जिम्मेदारी अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी और प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेदारी पुलिस उपाधीक्षक या निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को सौंपी गई है। इसके अलावा क्लस्टर मोबाइल, QRT, डायल-112 की बाइक और पीआरवी लगातार गश्त करती रहेंगी।



### नाजिम साहब इमामबाड़ा से कर्बला तालकटोरा तक रहेगा जुलूस

चेहल्लुम का जुलूस चौक थाना क्षेत्र के नाजिम साहब इमामबाड़ा (विक्टोरिया स्ट्रीट) से शुरू होगा। मेफेयर तिराहा, नक्खास, तुड़ियागंज तिराहा, बिल्लौचपुरा, बाजारखाला, कर्बला पुत्तनशाह, हैदरगंज तिराहा, बुलाकी अड्डा और एवरेडी तिराहा होते हुए कर्बला तालकटोरा पहुंचकर संपन्न होगा।

## अनुपूरक बजट में उद्यान विभाग को मिली बड़ी सौगात

### किसानों के हित में सरकार का ऐतिहासिक निर्णय

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष के अनुपूरक बजट में उद्यान विभाग के लिए प्रस्तावित 245.24 करोड़ रुपये के प्रावधान पर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अनुपूरक बजट में उद्यान विभाग के लिए किए गए प्रावधान प्रदेश के किसानों, विशेषकर बागवानी एवं आलू उत्पादकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। सरकार द्वारा भामाशाह भाव स्थिरता कोष की स्थापना हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था किए जाने से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने में सहायता मिलेगी तथा बाजार में मूल्य स्थिरता बनाए रखने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



मंत्री श्री सिंह ने कहा कि निजी शीतगृहों में भण्डारित आलू के भण्डारण प्रभार पर अनुदान हेतु 100 करोड़ रुपये का प्रावधान आलू उत्पादक किसानों को सीधा आर्थिक लाभ पहुंचाएगा। इससे किसानों का भण्डारण व्यय कम होगा और वे अपनी उपज को उचित समय पर बेहतर कीमत मिलने तक सुरक्षित रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र (CIP-SARC), आगरा के सम्पर्क मार्ग हेतु भूमि क्रय एवं निर्माण के लिए 9.53 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रदेश में कृषि अनुसंधान एवं आधुनिक तकनीकों के विस्तार को नई गति देगी।

**फास्ट न्यूज**

### युवक की संदिग्ध हालत में मौत

बख्शी का तालाब। लखनऊ के बीकेटी थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि उसकी जमीन विवाद में हत्या की गई है। शाम को अपने दोस्त के साथ गया। आधी रात लौटा तो नशे की हालत में था। सुबह जगाने गए तो वह बेसुध मिला। एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### लखनऊ में भाजपा पार्षद को जान का खतरा

लखनऊ । सावन माह में मनकामेश्वर मंदिर के प्रवेश द्वार को 4 दिन के भीतर दो बार डिस्प्ले बोर्ड लगाकर ढकने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। मनकामेश्वर वार्ड से भाजपा पार्षद रणजीत सिंह ने इसे धार्मिक प्रतीकों और जनप्रतिनिधियों को निशाना बनाने की साजिश बताई है। अपनी जान को खतरा बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। पार्षद रणजीत सिंह ने बताया कि मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व मेयर डॉ. दिनेश शर्मा की पहल पर नगर निगम ने बनवाया था। बाद में यहां भगवान गणेश की आशीर्वाद मुद्रा वाली प्रतिमा स्थापित कराई गई।

### अगवा बच्चा बहराइच से बरामद

लखनऊ। लखनऊ में इंस्टाग्राम पर हुई जान-पहचान एक महिला के लिए मुसीबत बन गई। आरोपी युवक महिला पर शादी का दबाव बना रहा था। जब महिला ने इनकार किया तो उसने अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए उसके 11 वर्षीय बेटे का अपहरण कर लिया। मड़ियांव पुलिस और डीसीपी उत्तरी की सर्विलांस/क्राइम टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 6 घंटे के भीतर बच्चे को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## ओडीओपी धातु उद्योग के उद्यमियों एवं निर्यातकों के साथ परामर्श बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन द्वारा दिनांक 04 अगस्त 2026 को योजना भवन, लखनऊ में ODOP धातु उद्योग से संबंधित उद्यमियों एवं निर्यातकों के साथ एक परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मनोज कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रमुख सचिव, MSME, श्री शशि भूषण लाल सुशील (IAS) तथा पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव श्री जग प्रवेश (IAS) उपस्थित रहे। बैठक में जॉइंट सेक्रेटरी श्री अवनेन्द्र कुमार शुक्ल तथा श्री प्रवीण कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी उपस्थित रहे। बैठक में मुरादाबाद, अमरोहा, एटा, अलीगढ़, मिर्जापुर एवं महोबा सहित विभिन्न जनपदों से आए लगभग 30 उद्यमियों एवं निर्यातकों ने सहभागिता की। बैठक का उद्देश्य धातु उद्योग के समक्ष विद्यमान चुनौतियों, निर्यात संवर्धन की संभावनाओं तथा उत्तर प्रदेश की 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में इस क्षेत्र के योगदान को और सुदृढ़ करने हेतु सुझाव प्राप्त करना था। इस दौरान मुरादाबाद के लगभग 8,000 करोड़ तथा अलीगढ़ के लगभग 2,500 करोड़ के वर्तमान निर्यात को और बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

बैठक के दौरान उद्यमियों एवं निर्यातकों ने कच्चे माल की उपलब्धता, निर्यात प्रक्रिया, गुणवत्ता प्रमाणन, लॉजिस्टिक्स, वित्तीय सहायता, कौशल विकास, विपणन तथा अन्य प्रशासनिक एवं नीतिगत विषयों से संबंधित अपनी समस्याओं एवं सुझावों को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रतिभागियों को आश्वस्त किया कि बैठक में प्राप्त सभी सुझावों एवं समस्याओं का गंभीरतापूर्वक परीक्षण किया जाएगा तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उनके यथासंभव समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से जुलाई माह तक 20,862.42 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्त

# उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग ने राजस्व प्राप्ति में बनाया नया कीर्तिमान

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्व प्राप्ति के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विभाग ने विगत सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए प्रदेश के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से जुलाई माह तक 20,862.42 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्त किया गया, जो कि गत वर्ष 2025-26 के इसी अवधि में प्राप्त राजस्व 18,583.19 करोड़ रुपए के सापेक्ष 12.27 प्रतिशत अर्थात् रू. 2,279.23 करोड़ रुपए अधिक है।

इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2026-27 के जुलाई माह में 5,052.86 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया गया, जो कि गत वर्ष 2025-26 के इसी माह में प्राप्त 4,354.28 करोड़ रुपए के राजस्व के सापेक्ष 16.04 प्रतिशत अर्थात् 698.58 करोड़ रुपए अधिक है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के इसी अगस्त माह में अभी तक 273.87 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई है। आबकारी विभाग ने गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 57,722.26 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया, जो कि विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त राजस्व 52,573.07 करोड़ रुपए के सापेक्ष 9.79 प्रतिशत अर्थात 5,149.19 करोड़ रुपए अधिक था। इसी प्रकार जुलाई माह की गई प्रवर्तन कार्यवाही में अवैध शराब के मामले में कुल 9,769 अभियोग दर्ज कर 2.34 लाख लीटर अवैध मदिरा/मादक द्रव्य बरामद की गयी। जुलाई में ही अवैध मदिरा के कारोबार में संलिप्त 1,704 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 271 व्यक्तियों को जेल भेजा गया एवं अवैध मदिरा की तस्करी में प्रयुक्त 14 वाहनों को जब्त किया गया। गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के कुल 1,19,001 अभियोग दर्ज करते हुए 31.16 लाख लीटर अवैध मदिरा/मादक द्रव्य बरामद की गयी।



**गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व से 12.27 प्रतिशत अधिक**

**जुलाई माह में 5,052.86 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित, जो गत वर्ष इसी माह में प्राप्त राजस्व से 16.04 प्रतिशत अधिक**

**वर्तमान वित्तीय वर्ष में अप्रैल से जून माह तक अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही में 9.01 लाख लीटर अवैध मदिरा/मादक द्रव्य बरामद, 4673 व्यक्ति गिरफ्तार**

> विभाग का उद्देश्य राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना है, विगत साढ़े चार वर्षों में मदिरा से किसी भी प्रकार की जनहानि नही हुई
>
> -आबकारी मंत्री श्री नितिन अग्रवाल

आबकारी मंत्री ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से जून माह तक अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए कुल 29,294 अभियोग दर्ज कर 9.01 लाख लीटर अवैध मदिरा/मादक द्रव्य बरामद की गयी। अवैध मदिरा के कारोबार में संलिप्त 4,673 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए 819 व्यक्तियों को जेल भेजा गया है एवं अवैध मदिरा की तस्करी में प्रयुक्त 30 वाहनों को जब्त किया गया।

## प्रशिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ कर युवाओं को रोजगार से जोड़ रही योगी सरकार

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के प्रशिक्षण तंत्र को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए अनुपूरक बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवा योजना निदेशालय के प्रशिक्षण प्रखण्ड के सुचारू संचालन के लिए अनुपूरक बजट में 198.34 लाख रुपए यानि 1.9834 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत धनराशि में से 173.34 लाख रुपए आउटसोर्सिंग सेवाओं के भुगतान तथा 25 लाख रूपए गाड़ियों के अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद के लिए निर्धारित किए गए हैं। इससे निदेशालय की प्रशासनिक एवं प्रशिक्षण संबंधी व्यवस्थाओं को और अधिक गति मिलेगी। व्यावसायिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार युवाओं को कौशलयुक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है।



**प्रशिक्षण एवं सेवा योजना निदेशालय के प्रशिक्षण प्रखण्ड के सुचारू संचालन के लिए अनुपूरक बजट में 198.34 लाख रुपए का प्रावधान**

## सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के विकास को नई गति

तमसा संकेत, संवाददाता

### निर्माणाधीन परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए अनुपूरक बजट में 5 करोड़ रुपए का विशेष प्रावधान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में संस्कृत शिक्षा एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में निर्माणाधीन परियोजनाओं को गति प्रदान करने एवं बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए अनुपूरक बजट में 500 लाख रुपए यानि 5 करोड़ रुपए की विशेष धनराशि का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृत भाषा और प्राचीन विद्या का महत्वपूर्ण केंद्र है। विश्वविद्यालय के विकास, आधुनिक सुविधाओं के विस्तार और निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार संस्कृत भाषा, भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।



## कार्यालय नगरपालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

संख्याः-2142/न०पा०प०अ०/2026-27 (निर्माण) दिनांकः-04.08.2026

### अतिअल्पकालीन पुनः ई-निविदा (Retender) सूचना

नगर पालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में A/B/C/D/E श्रेणी (जैसा लागू हो) में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर "मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना CM-VNY" योजनान्तर्गत इस निकाय के कार्यालय पत्र संख्या-1702//न०पा०प०अ०/2026-27 (निर्माण) दिनांक-09.07.2026 के द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गयी थी। जिसमें कोई बिड प्राप्त न होने के कारण पुनः ई-निविदा (Retender) आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

1. कार्य का विवरण वेबसाइटः-https://www.etender.up.nic.in पर लॉगइन कर देखा जा सकता हैं।
2. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की लपलब्धता की तिथि-06082026 से 14 08 2026 तक
3. प्री-बिड मीटिंग की तिथि व समय दिनांक-10.08.2026 समय 12:00 बजे।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय दिनांक 14.08.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समय दिनांक-14.08.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक।
6. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल की निगरानी रखें।
7. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट-https://www.etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को अउनलोड करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

# पति ने सुसाइड किया तो गर्भवती पत्नी ने तेजाब पिया

**घटना**

## कानपुर में आईसीयू में एडमिट, 2 साल पहले दिल्ली में लव-मैरिज की थी

- दोस्त दरवाजा तोड़कर कमरे में घुसे। पंखे से लटका शव मिला। घटना की सूचना परिवारवालों को दी।




तमसा संकेत, एजेंसी

हमीरपुर । यूपी में हमीरपुर के रहने वाले एक युवक ने बेंगलुरु में सुसाइड कर लिया। फंदे पर लटकते वक्त उसने पत्नी को वीडियो कॉल की। पत्नी घबरा गई और घरवालों को यह बात बताई।

मां ने तुरंत बेंगलुरु में बेटे के साथियों को फोन किया। कहा कि कमरे में जाकर बेटे को बचाओ। लेकिन, जब तक दरवाजा तोड़कर लोग अंदर पहुंचे, बेटे की मौत हो चुकी थी। पति की मौत की खबर मिलते ही पत्नी ने टायलेट क्लीनर (तेजाब) पी लिया। वह 4 महीने की गर्भवती थी। हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर हैलट रेफर किया गया है। 2 साल पहले दोनों ने दिल्ली में लव मैरिज की थी। रोहित के सुसाइड का पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सभी पत्नी नंदिनी को भला-बुरा कहने लगे। इस पर नंदिनी अपने कमरे में गई और तेजाब पी लिया। गर्भवती होने के चलते उसकी हालत बिगड़ती चली गई। उसे पहले उरई, फिर कानपुर रेफर कर दिया। उसे हैलट में आईसीयू में एडमिट किया गया है। वहीं, रोहित के चाचा और अन्य रिश्तेदार बेंगलुरु रवाना हो गए हैं। शव को राठ लाया जाएगा, यहां अंतिम संस्कार किया जाएगा। राठ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है। बेंगलुरु पुलिस से भी संपर्क कर पुष्टि की जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी से चैटिंग के बाद वीडियो कॉल की

राठ के फरसौलियाना मोहल्ले का रहने वाला रोहित वर्मा (32) बेंगलुरु में कपड़े की दुकान पर काम करता था। रोहित ने 2 साल पहले दिल्ली की रहने वाली नंदिनी से लव मैरिज की थी। करीब 2 महीने पहले रोहित के पिता वीरेंद्र वर्मा की मौत हो गई थी। तब पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने रोहित और नंदिनी राठ आए थे।

कुछ दिन रुककर रोहित दोबारा बेंगलुरु लौट गया था। नंदिनी प्रेग्नेंट होने की वजह से सास के पास ही रुक गई थी। परिवार के मुताबिक, पिछले 3-4 दिन से रोहित और नंदिनी के बीच किसी बात को लेकर लड़ाई चल रही थी। दोनों फोन पर एक-दूसरे से झगड़ा करते थे। पति-पत्नी में झगड़ा इस कदर बढ़ गया था कि रोहित ने नंदिनी का मोबाइल नंबर ₹नागिन₹ नाम से सेव कर रखा था। सोमवार को भी दोनों की लड़ाई हुई थी। देर रात रोहित ने पत्नी को वॉट्सएप पर कई मैसेज किए। इसके बाद नंदनी को वीडियो कॉल की। कहा कि मैं मरने जा रहा हूं।



रोहित पहले नीले ड्रम पर चढ़ा, फिर पंखे से चुनरी का फंदा बनाकर लटक गया। इसका वीडियो बनाकर उसने पत्नी को भेजा।

> मामला सोमवार रात 2 बजे जिला मुख्यालय से 60 किमी दूर राठ कस्बे का है। पुलिस ने बताया- युवक का नाम रोहित और पत्नी का नाम नंदिनी है।

# योगी सरकार का खादी, हथकरघा और टेक्सटाइल क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन

## 140 करोड़ रुपए से अधिक का विशेष प्रावधान

- टेक्सटाइल पार्कों के विकास, बुनकरों एवं कारीगरों के सशक्तीकरण से बढ़ेगा रोजगार और उद्यमिता
- मंत्री राकेश सचान बोले- पारंपरिक उद्योगों को वैश्विक पहचान दिलाकर आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश का निर्माण कर रही सरकार

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों, हथकरघा, खादी एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग तथा हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए अनुपूरक बजट में 14,002.79 लाख रुपए यानि 140.0279 करोड़ रूपये का विशेष प्रावधान किया है।

इस धनराशि का उपयोग प्रदेश में टेक्सटाइल पार्कों के विकास, हथकरघा एवं बुनकर प्रोत्साहन योजनाओं के विस्तार, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के पूंजीगत निर्माण कार्यों तथा औद्योगिक आधारभूत ढांचे को मजबूत करने में किया जाएगा। स्वीकृत राशि में 12,500 लाख रुपए यानि 125 करोड़ रुपए पूंजीगत मद तथा 1,502.79 लाख रुपए यानि 15.0279 करोड़ रुपए राजस्व मद के अंतर्गत प्रावधान किया गया है। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के बुनकरों, कारीगरों, उद्यमियों और पारंपरिक उद्योगों से जुड़े लोगों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

**फास्ट न्यूज**

### कलछुल से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गाजीपुर । गाजीपुर में मामा-भांजे पर कलछुल से हमला कर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। आरोपी की पहचान फूलपुर निवासी 26 वर्षीय अतुल यादव पुत्र गंगासागर यादव के रूप में हुई है। उसे मंगलवार दोपहर 1 बजे रजागंज चौकी से पहले ओवरब्रिज के नीचे से पकड़ा गया।

### गुरु गोविंद सिंह पर टिप्पणी पर सिखों ने थाना घेरा

कानपुर । कानपुर में गुरु गोविंद सिंह और सिख समुदाय पर टिप्पणी के विरोध में मंगलवार सुबह 10 बजे सिखों को गुस्सा फूट गया। करीब डेढ़ सौ से अधिक सिखों ने फजलगंज थाने का घेराव कर लिया और हंगामा शुरू कर दिया। थाने के गेट पर ही नारेबाजी करने लगे।

हंगामा बढ़ता देख करीब 5 थानों की पुलिस फोर्स मौके पर हैं। प्रदर्शन करने पहुंचे लोगों ने आरोपी के घर बुलडोजर चलाने और एनएसए की मांग पर अड़े हैं। इस दौरान सिख समुदाय के लोग कालपी रोड पर बैठ गए और जाम लगा दिया और वाहे गुरु का जाप करने लगे।

### 25 हजार का इनामी आरोपी पुणे से गिरफ्तार

कानपुर । कानपुर के ग्वालटोली थाना क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर चोरी के दौरान युवक की मौत के बाद शव गंगा में फेंकने के मामले में पुलिस ने दो साल से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुणे से ट्रांजिट रिमांड पर कानपुर लाया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पुणे में एक इलेक्ट्रिकल कंपनी में मजदूरी कर रहा था।

# लखनऊ में खिलौनों की दुकान में लगी आग

## फायर ब्रिगेड ने डेढ़ घंटे बाद काबू पाया





तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के टुडियागंज इलाके में मंगलवार सुबह कॉपी, पेन और खिलौनों की दुकान में भीषण आग लग गई। आग से दुकान में रखा बड़ी मात्रा में सामान जलकर नष्ट हो गया। दमकल की 5 गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फायर विभाग के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 11:21 बजे यूपी-112 के माध्यम से सूचना मिली कि टुडियागंज से गिरधारीलाल इंटर कॉलेज जाने वाले मार्ग पर स्थित एक दुकान में आग लगी है। सूचना मिलते ही थाना बाजारखाला और चहल्लुम ड्यूटी में तैनात थाना सादतगंज की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। चौक फायर स्टेशन से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में तीन दमकल गाड़ियों को तत्काल रवाना किया गया। बाद में कुल पांच दमकल वाहनों की मदद से आग बुझाने का अभियान चलाया गया। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आग दो मंजिला भवन के भूतल पर स्थित कॉपी, पेन और खिलौनों की दुकान में लगी थी।

### कानपुर पहुंचे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष

कानपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा मंगलवार दोपहर करीब 12:26 बजे कानपुर पहुंचे। गंगा पुल पर कार्यकर्ताओं ने फूल बरसाकर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने क्रेन से 250 किलो की माला पहनाई।

इस दौरान मंच पर टेडीबियर डांस करके उनका अपने अंदाज में स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें हनुमान जी की प्रतिमा भेंट की और कबूतर उड़ाकर शांति का संदेश दिया। रोहित मिश्रा ने कहा- यह कोई चुनावी या रणनीतिक बैठक नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं से मिलने का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन को लेकर युवा मोर्चा जनता के बीच जाएगा।

दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन के सवाल पर उन्होंने कहा- किसी तरह की नाराजगी नहीं है। कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें छात्र माफी मांगते दिख रहे हैं।

## 2 किलोमीटर दूर से दिखा धुआं, 8 से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने 4 घंटे में पाया काबू

# कानपुर में तीन मंजिला फर्नीचर शोरूम में आग



तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में मंगलवार सुबह साढ़े 6 बजे 3 मंजिला फर्नीचर शोरूम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने सभी मंजिल को अपने चपेट में ले लिया है। आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आग इतनी भीषण थी कि धुएं का गुबार करीब 2 किमी दूर से दिखाई दे रहा था।

शोरूम में 6 लोगों के फंसे होने की आशंका है। फायर ब्रिगेड की 8 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। जबकि पुलिस टीम ने हालत देखते हुए गोविंदनगर के पुराने पुल पर वाहनों को पूरी तरह बंद करा दिया है। करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर टीम ने काबू पा लिया। किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। हादसा गोविंदनगर थाना क्षेत्र में हुआ। श्याम लाल कुकरेजा की बिल्डिंग है, 5 साल पहले फर्नीचर करोबारी गौरव भसीन ने बिल्डिंग किराए पर ली थी। बिल्डिंग के फर्स्ट और थर्ड फ्लोर पर उन्होंने गोदाम बना रखा है, जबकि सेकेंड फ्लोर पर शोरूम है।

फर्नीचर कारोबारी गौरव भसीन ने बताया- उनका करीब 25 साल पुराना कारोबार है। मंगलवार तड़के 5:30 बजे शोरूम के सामने लगे खम्बे में शॉर्ट शर्किट होने की वजह से आग लगी थी। बिल्डिंग के बेसमेंट में मकान मालिक श्यामलाल कुकरेजा का इलेक्ट्रिकल का सामान रखा था। हालांकि बेसमेंट तक आज नहीं पहुंच सकी। बिल्डिंग के तीन फ्लोर जलकर पूरी तरीके खाक हो गए। आग लगने से करीब दो करोड़ का फर्नीचर का सामान जलकर खाक हो गया।






### शैलेश चौहान का ऑफिस जलने से बचा

फर्नीचर शोरूम के पीछे ही शैलेश चौहान का ऑफिस है। उन्होंने बताया- आग लगने की सूचना पर हम लोग भी पहुंचे। गनीमत रही कि आग वहां तक नहीं पहुंची।

## बलिया में एक घंटे तक लड़ता रहा, सांप को मारकर खुद भी नहीं बचा

# मालिक की जान बचाने के लिए कोबरा से भिड़ा कुत्ता




दानिश के घर में टॉमी 8 साल से रह रहा था। उसकी मौत के बाद परिवार-वालों ने अंतिम संस्कार किया।

तमसा संकेत, एजेंसी

बलिया । बलिया में एक लैब्राडोर कुत्ते ने अपने मालिक के परिवार को कोबरा से बचाने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। रविवार रात करीब 2 बजे कुत्ते को घर के बाहर एक कोबरा दिखाई दिया। कोबरा फन फैलाकर फुफकार रहा था। इसके बाद कुत्ता लगातार भौंकने लगा। इसी दौरान कोबरा ने कुत्ते पर हमला कर दिया। फिर कुत्ते ने भी कोबरा को दबोच लिया।

सांप लगातार हमला करता रहा, लेकिन कुत्ते ने उसे नहीं छोड़ा। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक संघर्ष चलता रहा, जबकि परिवारवाले इस लड़ाई को देखते और वीडियो बनाते रहे। आखिरकार कुत्ते ने कोबरा को मार डाला। लेकिन, इस लड़ाई में कुत्ता भी कोबरा के जहर का शिकार हो गया। 30 मिनट बाद कुत्ते की भी मौत हो गई। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। घटना बेल्थरा रोड क्षेत्र की है।



उभांव गांव में दानिश अपने परिवार के साथ रहते थे। वह ईंट भट्ठा चलाते हैं। दानिश ने अपने घर में 8 साल से टॉमी नाम का लैब्राडोर कुत्ता पाल रखा है। रविवार रात एक कोबरा सांप दानिश के घर में घुसने की कोशिश कर रहा था। कोबरा को सबसे पहले टॉमी ने देखा। इसके बाद टॉमी लगातार भौंकने लगा। टॉमी का शोर सुनकर दानिश और उनके परिवार वाले भी जाग गए। इसी बीच टॉमी खुद कोबरा से भिड़ गया।

> टॉमी पिछले 8 साल से परिवार का सदस्य बनकर रह रहा था। उसकी मौत से घर का हर सदस्य गहरे सदमे में हैं। सोमवार को परिवारवालों ने नम आंखों से टॉमी को अंतिम विदाई दी। उसे दफनाते समय परिवार के कई सदस्य भावुक हो गए।

दानिश के परिजनों के अनुसार, टॉमी और सांप के बीच करीब एक घंटे तक भीषण संघर्ष चला।

# कानपुर में युवकों को पीटने वालों का जुलूस निकाला

## कान पकड़कर बोले- माफ कर दो अब मारपीट नहीं करेंगे



तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में युवक की बेल्ट और जूतों से पिटाई करने वाले 2 और युवकों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों का घटनास्थल से थाने तक करीब डेढ़ किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला गया। इस दौरान दोनों युवकों ने कान पकड़कर रोते हुए माफी मांगी। कहा- माफ कर दीजिए सर। अब मारपीट नहीं करेंगे। मम्मी-पापा की बात मानेंगे और काम करेंगे। गलत संगत से भी दूर रहेंगे। घटना 9 जून को बर्रा थाना क्षेत्र में हुई थी।

27 जुलाई को इसका वीडियो सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने 28 जुलाई को 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। आज इन दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी रबाडा गैंग के सदस्य हैं। इन लोगों ने शराब पार्टी के लिए युवकों से 5 हजार रुपए मांगे थे। रुपए नहीं देने पर उनके साथ मारपीट की थी।

बर्रा-8 गुजैनी के वरुण विहार में अमन सिंह रहते हैं। उन्होंने बताया था- 9 जून की सुबह करीब 9 बजे मोहल्ले में रहने वाले दिव्यांश पनवाड़ी, यशू, विशू पंडित और आयुष द्विवेदी मेरे पास आए थे। इन लोगों ने शराब पार्टी के लिए मुझसे 5 हजार रुपए मांगे।

मैंने रुपए देने से मना कर दिया। इस पर सभी मुझे बर्रा विश्वबैंक के आई-ब्लॉक स्थित पार्क के पीछे सरकारी स्कूल के पास ले गए।


## पृष्ठ 01 का शेष...


### विपक्ष सनातन ...

माइक फेंकते हुए चिल्लाकर कहा- आप मुख्यमंत्री जी की फोटो के साथ ऐसा नहीं कर सकते। आपको पूरे सत्र के लिए सदन से बाहर निकाला जाता है। आप बाहर जाइए, नहीं तो विधायकी से बर्खास्त करवा दूंगा।

इसी बीच योगी भी खड़े हो गए। उन्होंने कहा- ये लोग लोकतंत्र की खिल्ली उड़ाना चाहते हैं। इसलिए सदन का माहौल खराब कर रहे हैं। सरकार सदन में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

इसके बाद भी सपा विधायक हंगामा करते रहे। भाजपा विधायक भी सपा के खिलाफ नारे लगाने लगे। इसी बीच सपा-भाजपा की महिला विधायक आमने-सामने आ गईं। हंगामा बढ़ता देख विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले, विधानसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई, लेकिन सिर्फ 20 मिनट ही चल सकी। सपा विधायकों के हंगामे के चलते विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12:20 बजे तक स्थगित कर दी। दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 59,019 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया।

### आरएसएस इतिहास ...

कुछ ऐसे नासमझ लोग हैं जो तमिल, मराठी और बंगाली लोगों को नहीं समझते और कहते हैं कि इनमें से कोई भी इतिहास या कल्पना काम की नहीं है।

संविधान में स्पष्ट लिखा है कि इंडिया, यानी भारत, राज्यों का एक संघ है और राज्य भारत के लोगों की अभिव्यक्ति हैं।राहुल गांधी ने मंगलवार को ही रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति की बैठक में मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि सैनिक स्कूलों में RSS की दखल बेवजह बढ़ रही है।

इस पर समिति के चेयरमैन राधा मोहन सिंह ने राहुल से अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज पेश करने को कहा है। चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि राहुल जो भी दस्तावेज देंगे, उन्हें स्पष्टीकरण के लिए संबंधित मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

### एअर इंडिया की ...

फ्लाइट में सवार एक यात्री ने दावा किया कि उड़ान भरने के करीब डेढ़ घंटे बाद तेज झटके लगने लगे। सुबह का समय था और ज्यादातर यात्री सो रहे थे। अचानक विमान जोर से हिलने लगा और 2-3 मिनट तक पलटी खाता रहा।

डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन (DGCA) इस घटना की जांच कर रहा है। यात्री के मुताबिक कुछ लोगों को ज्यादा चोटें आई हैं, जबकि 70 से 80% लोगों को मामूली चोट लगी हैं। फ्लाइट की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें उसकी सीलिंग के पैनल में दरारें दिखीं।

टर्बुलेंस का मतलब है हवा का बहाव अचानक बदल जाना, जिससे विमान को झटके लगने लगते हैं। इस दौरान विमान कुछ समय के लिए ऊपर-नीचे या दाएं-बाएं हिल सकता है और कभी-कभी कुछ फीट नीचे भी आ जाता है। इसी वजह से यात्रियों को लगता है कि विमान गिर रहा है। हालांकि, ज्यादातर मामलों में ऐसा नहीं होता।

आधुनिक तकनीक और बेहतर सुरक्षा सिस्टम की वजह से आज टर्बुलेंस से विमान हादसे की आशंका काफी कम हो गई है। हालांकि, बेहद गंभीर टर्बुलेंस या खराब मौसम में दुर्घटना का खतरा पूरी तरह खत्म नहीं होता।

हालांकि, आज के आधुनिक विमान हर तरह के टर्बुलेंस को झेलने के हिसाब से बनाए जाते हैं। पायलटों को भी ऐसी परिस्थितियों से सुरक्षित तरीके से निपटने की विशेष ट्रेनिंग दी जाती है।

### यूपी के मदरसों में ...

बैठक मंगलवार सुबह 9.30 बजे मुख्यमंत्री आवास पर होगी। सोमवार शाम करीब 8 बजे मुख्य सचिव एसपी गोयल ने एजेंडा जारी किया। जिसमें 21 प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। बैठक में कुछ प्रस्ताव और शामिल किए जा सकते हैं। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए करीब 40 हजार करोड़ से अधिक का अनुपूरक बजट प्रस्ताव भी पेश किया जाएगा। कैबिनेट बैठक में लखनऊ और नोएडा में यू-हब (U-HUB) बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के अनुसार, यूपी सरकार ने हाल ही में स्टार्टअप मिशन निदेशालय बनाने का फैसला किया है। इसके तहत नोएडा और लखनऊ में यू-हब नाम की सरकारी कंपनी बनाई जाएगी।

आईआईटी कानपुर के नोएडा सेंटर और आईआईटी लखनऊ के कैंपस में यू-हब बनेगा। यू-हब का मुख्य उद्देश्य ऐसे स्टार्टअप्स को सुविधाएं, मार्गदर्शन और मदद देना है, जो अपने काम को आगे बढ़ाना चाहते हैं। सरकार ने इसके लिए इस साल 100 करोड़ रुपये का बजट रखा है। साथ ही, आईआईटी कानपुर इक्यूबेशन के निदेशक को 3 साल के लिए यू-हब का निदेशक नियुक्त किया गया है।

### केजरीवाल ने ...

पार्टी का दावा है कि उसने देशभर से 2.30 लाख से ज्यादा लोगों की याचिकाएं जुटाई हैं। मार्च के दौरान केजरीवाल ने कहा कि E20 के खिलाफ 2 लाख से ज्यादा लोगों ने प्रधानमंत्री को चिट्ठियां लिखी हैं, जिन्हें वे खुद प्रधानमंत्री को सौंपना चाहते थे लेकिन हमें पुलिस ने रोक दिया। हमने सभी चिट्ठियां पुलिस के हाथों मोदी जी को भेज दी हैं। केजरीवाल ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री को मैसेज भेजा था। उन्होंने कहा- हमें उम्मीद है कि पीएम हमसे मिलेंगे। केजरीवाल का दावा है कि उन्हें इस चिट्ठी का कोई जवाब नहीं मिला। इसलिए अब वे खुद पीएम आवास जाकर जनता की साइन की हुई याचिकाएं सौंपना चाहते थे। आम आदमी पार्टी संयोजन ने यह मांग भी रखी है कि पेट्रोल पंपों पर शुद्ध पेट्रोल और E20 दोनों के ऑप्शन मिलने चाहिए। E20 पेट्रोल की कीमतों में कटौती की जाए।

### आप बोली- पीएमओ ...

सौरभ भारद्वाज ने भारी पुलिस बल की तैनाती पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा- इतनी बड़ी संख्या में पुलिस, RAF, लाठियां और ढाल देखकर हैरानी हो रही है। हम सिर्फ लोगों की चिट्ठियां प्रधानमंत्री तक पहुंचाने आए हैं।

### उदयनिधि स्टालिन ...

कावेरी जल विवाद कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी के पानी के बंटवारे को लेकर है। नदी कर्नाटक से निकलकर तमिलनाडु की ओर बहती है। कर्नाटक इसका उपयोग सिंचाई और पीने के पानी के लिए करता है, जबकि तमिलनाडु का कृषि क्षेत्र पूरी तरह इसी पर निर्भर है। 1924 के ब्रिटिशकालीन समझौते के तहत पानी का बड़ा हिस्सा तमिलनाडु को दिया गया था। लेकिन कर्नाटक का कहना है कि ये पुराने नियम गलत हैं और कम बारिश के सालों में वह पानी नहीं छोड़ सकता। वहीं तमिलनाडु का कहना है कि समय पर पानी न मिलने से उसके किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं। उदयनिधि की जमानत याचिका पर जस्टिस जी.के. इलंथिरैयन की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान सरकारी वकील विजय नारायण ने अदालत को बताया कि सरकार विपक्ष के नेता को रिमांड पर नहीं भेजना चाहती। उन्होंने कहा कि पूछताछ पूरी होने के बाद उन्हें मंगलवार को ही स्टेशन बेल पर रिहा कर दिया जाएगा।

### 'बांकीपुर उपचुनाव ...

मध्य प्रदेश के दतिया उपचुनाव के परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि वहां की जनता ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान कर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया है। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के मध्य प्रदेश और झांसी इकाई के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ काम किया, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया। ई-20 पेट्रोल के मुद्दे पर अखिलेश यादव ने कहा कि यदि यह ईंधन वास्तव में वाहनों के लिए लाभदायक है, तो ऑटोमोबाइल कंपनियों को इसके फायदे व्यापक स्तर पर प्रचारित करने चाहिए।

बोले- क्रिकेट से जुड़े रहना है, बिग बैश लीग के सबसे महंगे विदेशी प्लेयर बन सकते हैं

# 'बेन स्टोक्स इंग्लैंड का कोच बनना चाहते हैं'



जो रूट को इंग्लैंड टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है।

**इच्छा**

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने भविष्य में टीम का हेड कोच बनने की इच्छा जताई है। जून 2026 में क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 35 साल के स्टोक्स ने कहा कि वह खेल से जुड़े रहना चाहते हैं।

इसी बीच ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि स्टोक्स बिग बैश लीग (BBL) के इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी भी बन सकते हैं।

स्टोक्स ने नए टेस्ट कप्तान जो रूट को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि रूट हमेशा टीम को खुद से पहले रखते हैं और यही बात उन्हें परेशान करती है।

संन्यास के बाद भी स्टोक्स क्रिकेट से दूर नहीं होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई बिग बैश फ्रेंचाइजी उन्हें अपनी टीम में शामिल करना चाहती हैं। सिडनी सिक्सर्स इस दौड़ में सबसे आगे मानी जा रही है। सिडनी सिक्सर्स के पास इंग्लैंड के पूर्व व्हाइट-बॉल कोच मैथ्यू मॉट हैं। मॉट और स्टोक्स की जोड़ी ने 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को चैंपियन बनाया था।

डरहम के लिए खेलने वाले स्टोक्स का वनडे डेब्यू 2011 में हुआ था। वहीं टेस्ट डेब्यू 2013-14 की एशेज सीरीज में हुआ। वे अप्रैल 2022 से इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान रहे हैं।



**ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के अनुसार स्टोक्स को लगभग 6 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 3.4 करोड़ रुपए) का कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है। ऐसा हुआ तो वह बीबीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन जाएंगे।**

### 2027 एशेज को देखते हुए लिया संन्यास

स्टोक्स ने बताया कि संन्यास का फैसला उन्होंने काफी सोच-विचार के बाद लिया था। वह यह आकलन कर रहे थे कि क्या 2027 की एशेज सीरीज तक बेस्ट परफॉर्मेंस दे पाना संभव होगा। आखिरकार उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़ने का फैसला किया और कहा कि वह इस निर्णय को बदलने वाले नहीं हैं।

### कोचिंग की तैयारी में जुटे स्टोक्स



'लव ऑफ क्रिकेट' पॉडकास्ट में स्टोक्स ने बताया कि वह अभी लेवल-3 कोचिंग क्वालिफिकेशन पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि जब खेलना छोड़ूं तो कोचिंग की सारी तैयारियां पूरी हों। मैं क्रिकेट से जुड़ा रहना चाहता हूं। स्टोक्स ने 122 टेस्ट, 114 वनडे और 43 टी-20 मैचों में इंग्लैंड को रिप्रेजेंट किया। उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने अटैकिंग बैजबॉल क्रिकेट खेली।

### हैरी ब्रूक को मौका नहीं मिलने पर हैरान

पूर्व कप्तान ने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि उनके बाद हैरी ब्रूक को टेस्ट टीम की कमान मिलेगी। ब्रूक टीम के उप-कप्तान थे, इसलिए चयनकर्ताओं के फैसले ने उन्हें चौंकाया। उन्होंने कहा, अगर आपको लगता है कि कोई खिलाड़ी अच्छा कप्तान बन सकता है तो उसे मौका देना चाहिए। मुझे समझ नहीं आया कि ब्रूक को कप्तान न बनाकर क्या संदेश दिया गया।

> स्टोक्स ने कहा, मैंने जो से कहा कि मेरी एकमात्र चिंता आप हैं। पिछली बार कप्तान रहते हुए मैंने देखा था कि वह खुद पर कितना दबाव लेते थे। मैं नहीं चाहता कि वह दोबारा उसी दौर से गुजरें।



# फिलीपींस की ईला ने पहला डब्ल्यूटीएटाइटल जीता

## डीसी ओपन के फाइनल में एला ने जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-0 से हराया

फिलीपींस, एजेंसी

फिलीपींस की 21 साल की टेनिस खिलाड़ी एलेक्सांद्रा ईला ने डीसी ओपन का खिताब जीत लिया है। उन्होंने बारिश की वजह से दो दिन तक चले फाइनल में टॉप सीड अमेरिका की जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-0 से हराकर करियर का पहला WTA सिंगल्स टाइटल जीता। इसके साथ ही वह WTA सिंगल्स खिताब जीतने वाली फिलीपींस की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। वहीं मेन्स में अमेरिका के टेलर फ्रिटज ने स्पेन के राफेल जोडार को हराकर खिताब अपने नाम किया।

रविवार को बारिश के कारण फाइनल रोकना पड़ा था। तब जेसिका पेगुला पहला सेट 6-4 से जीत चुकी थीं, जबकि दूसरे सेट में ईला 2-1 से आगे थीं। सोमवार को खेल दोबारा शुरू होने पर ईला ने शानदार वापसी की। उन्होंने दूसरा सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला बराबर किया। इसके बाद निर्णायक सेट में पेगुला को एक भी गेम जीतने का मौका नहीं दिया और 6-0 से सेट व मैच अपने नाम कर लिया। ईला ने लगातार आखिरी 8 गेम जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया। जीत के बाद वह कोर्ट पर भावुक हो गईं। उनकी आंखों में आंसू थे और उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि का जश्न मनाया।



**मैच के दौरान स्टेडियम में फिलीपीन के झंडे दिखाई दिए और दर्शकों ने एला का जमकर समर्थन किया। पेगुला ने कहा कि उनके खिलाफ खेलना मजेदार नहीं था, लेकिन उन्हें वहां का माहौल बहुत अच्छा लगा। एला ने टूर्नामेंट के दौरान सभी तीन शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हराकर यह खिताब अपने नाम किया।**

अरशद नदीम के कोच बोले पाकिस्तानी स्पोर्ट्स फेडरेशन ने दूरी बना ली थी, कॉमनवेल्थ के जेवलिन में नौवें स्थान पर रहे

# 'पर्याप्त तैयारी नहीं हुई'

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तानी जेवलिन थ्रोअर अरशद नदीम के कोच ने कहा है कि हमारी तैयारी पर्याप्त नहीं थी। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि गेम्स से पहले पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स फेडरेशन (PAAF) ने उनकी तैयारी से दूरी बना ली थी। इसके चलते नदीम को अधिकांश तैयारी अपने स्तर पर करनी पड़ी।

ओलिंपिक चैंपियन नदीम ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में अपने करियर के सबसे खराब प्रदर्शनों में से एक से गुजरे। वह 80 मीटर का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके और नौवें स्थान पर रहे। श्रीलंका के रुमेश पाथिरागे ने गोल्ड जीता। भारत के नीरज चोपड़ा और यशवीर सिंह ने सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए।

अरशद नदीम के लंबे समय से कोच रहे सलमान बट ने भी माना कि ओलिंपिक चैंपियन अपने बेस्ट स्तर पर नहीं थे और कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं कर पाए थे। पूर्व पाकिस्तान एथलेटिक्स फेडरेशन अध्यक्ष अकरम साही ने भी खराब तैयारी और लापरवाही को प्रदर्शन में गिरावट की वजह बताया।

साही ने कहा, ओलिंपिक गोल्ड के बाद कुछ लोगों ने उन्हें अपने घेरे में ले लिया और मुझसे दूर कर दिया। पिछले कई महीनों से तैयारी और ट्रेनिंग में कमी साफ दिखाई दे रही थी।

नदीम के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान के खेल ढांचे पर भी सवाल उठने लगे हैं। ओलिंपिक बॉक्सिंग ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हुसैन शाह ने कहा कि यह पाकिस्तान की खेल व्यवस्था की कमजोरियों को दिखाता है। उनका कहना है कि देश को ओलिंपिक गोल्ड दिलाने वाले खिलाड़ी को भी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए उचित तैयारी और संसाधन नहीं मिल सके।



अरशद नदीम कॉमनवेल्थ गेम्स के टॉप-8 में जगह नहीं बना पाए थे।

> रिपोर्ट में भारत और पाकिस्तान की तैयारियों की तुलना भी की गई है। नीरज चोपड़ा ने स्विट्जरलैंड के बिएल में अपना अंतिम ट्रेनिंग ब्लॉक पूरा किया, जबकि यशवीर सिंह और रोहित यादव ने पोलैंड में विदेशी कोचों के साथ तैयारी की। इसका असर नतीजों में भी दिखा, जहां भारत ने दो पदक जीते, जबकि नदीम टॉप-8 में भी जगह नहीं बना सके।

### कोचिंग विवाद के बाद कम हुआ समर्थन

PTI के मुताबिक पिछले साल नदीम के कोचिंग सेटअप को लेकर मतभेद सामने आने के बाद फेडरेशन ने उनके कार्यक्रम को पूरा समर्थन नहीं दिया। रिपोर्ट में कहा गया कि नदीम की ट्रेनिंग से जुड़े कई अनुरोधों पर ध्यान नहीं दिया गया। साथ ही पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड ने विदेशी कोच और ट्रेनर उपलब्ध कराने के लिए भी फंड जारी नहीं किया। नदीम ने ओलिंपिक गोल्ड से पहले साउथ अफ्रीकी कोच टेर्सियस लीबेनबर्ग के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग की थी, लेकिन इस बार वह विदेश में तैयारी करने के बजाय लाहौर में अपने पुराने कोच सलमान बट और स्थानीय ट्रेनर्स के साथ अभ्यास करते रहे।

## मनोरंजन

# मेरी शक्ल का गलत इस्तेमाल : मृणाल ठाकुर

## सोशल मीडिया पर सुनाई खरी-खोटी?

नई दिल्ली। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर बेबाकी से अपनी बात कहने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में, सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीर और पहचान का इस्तेमाल करके बनाए गए कुछ AI-जनरेटेड डीपफेक वीडियो वायरल हुए।

एक्ट्रेस ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए इंस्टाग्राम (Instagram) पर एक मैसेज शेयर किया है। मृणाल ने चेतावनी दी कि अगर इस तरह के कंटेंट को आगे भी फैलाया गया, तो कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

किसी का नाम लिए बिना, मृणाल ठाकुर (Mrunal Thakur) ने डीपफेक कंटेंट बनाने और उसे शेयर करने को गैर-कानूनी बताया और लोगों से कहा कि वे बिना इजाजत उनकी शक्ल का इस्तेमाल न करें।



उन्होंने लिखा, 'मेरी शक्ल का इस्तेमाल करके डीपफेक कंटेंट बनाना या शेयर करना गैर-कानूनी और अस्वीकार्य है। इसे तुरंत रोकने के लिए मेरी तरफ से फॉर्मल नोटिस समझें। मेरी पहचान का आगे कोई भी गलत इस्तेमाल होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी'।

AI के गलत इस्तेमाल को लेकर चिंता जताने वाली मृणाल अकेली सेलिब्रिटी नहीं हैं।

फिल्मों में वापसी करने जा रहे इमरान खान, मैच्योर रोमांटिक कॉमेडी का ऑफिशियल अनाउंसमेंट

# 10 साल बाद नेटफ्लिक्स पर मैच्योर रोमांटिक कॉमेडी से धमाका करेंगे इमरान


नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर इमरान खान की फिल्मों में वापसी का उनके फैंस काफी इंतजार कर रहे थे। आखिरकार उन्होंने अब इसकी पुष्टि कर दी है। लगभग एक दशक के बाद वे बड़े पर्दे पर नजर आएंगे।

एक्टर इमरान खान ने आखिरकार एक दशक बाद फिल्मों में अपनी वापसी की पुष्टि कर दी है। वे 'अधूरे हम अधूरे तुम' नाम की एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगे, जो बड़े लोगों की प्रेम कहानी पर आधारित है। गुरफतेह पीरजादा स्टारर यह फिल्म अभी पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है और इस साल के आखिर में रिलीज होने वाली है।

एक्टर इमरान खान ने एक दशक बाद फिल्मों में अपनी वापसी की ऑफिशियल घोषणा कर दी है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी नेटफ्लिक्स (Netflix) ओरिजिनल फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' (Adhure Hum Adhure Tum) की शूटिंग पूरी कर ली है; यह फिल्म अभी पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है और इसके इस साल के आखिर में रिलीज होने की उम्मीद है। इस अपडेट की पुष्टि करते हुए खान ने कहा, 'मैंने अभी-अभी एक नई फिल्म की शूटिंग पूरी की है। 10 साल में यह मेरी पहली फिल्म है और अभी इसका पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है। इसका नाम 'अधूरे हम अधूरे तुम' है। यह नेटफ्लिक्स के लिए है और इस साल के आखिर में रिलीज होगी। यह बड़ों के लिए बनी रोमांटिक कॉमेडी है... जो मेरी मौजूदा उम्र के हिसाब से एकदम सही है'।

इमरान खान ने 2008 में जेनेलिया डिसूजा के साथ रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'जाने तू... या जाने ना' से लीड एक्टर के तौर पर डेब्यू किया था।





### किस बारे में है इमरान की नई फिल्म?

इमरान खान ने हाल ही में एक खास इंटरव्यू में बताया कि यह फिल्म एक 'मैच्योर रोमांटिक कॉमेडी' है, जो उनकी जिंदगी के मौजूदा दौर को दर्शाती है। इस प्रोजेक्ट में गुरफतेह पीरजादा भी हैं। यह फिल्म 'कट्टी बट्टी' (2015) के बाद खान की लगभग दस साल बाद फिल्मों में वापसी है। 'कट्टी बट्टी' का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया था और इसमें इमरान के साथ कंगना रनौत भी थीं।



# 'उर्फी जावेद ने लिए थे 1 लाख'

## सीजेपी प्रोटेस्ट को लेकर इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी का दावा

नई दिल्ली। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी ने कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के संस्थापक अभिजीत दीपके के खिलाफ दिल्ली पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

उन्होंने दावा किया कि दीपके से जुड़े लोगों ने उन पर हमला किया था। वहीं, उन्होंने उर्फी जावेद पर 1 लाख रुपए और पूनम पांडे पर 20 हजार रुपए लेने का भी आरोप लगाया।

न्यूज एजेंसी ANI से बातचीत में फैजान अंसारी ने कहा, 'अभिजीत दीपके के अगेंस्ट आज मैंने दिल्ली डीसीपी को लिखित शिकायत दर्ज कराई है, क्योंकि मेरे ऊपर अभिजीत दीपके के लोगों ने हमला किया था। पुणे में मेरे ऊपर अटैक हुआ, औरंगाबाद में मेरे ऊपर अटैक हुआ। पहले से ही दो केस उसके खिलाफ फाइल हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं चाहता हूं कि दिल्ली पुलिस तुरंत अभिजीत दीपके को गिरफ्तार करे, ताकि आगे कोई भी दंगा-फसाद या कोई भी समस्या न हो सके।'





फैजान अंसारी मीडिया से बात करते हुए।

फैजान अंसारी मीडिया से बात करते हुए।

वहीं, शिकायत में फैजान अंसारी ने लिखा, 'मैं आज मुंबई से दिल्ली डीसीपी के पास कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के संस्थापक अभिजीत दीपके की लिखित शिकायत करने आया हूं। अभिजीत दीपके एक पाकिस्तानी एजेंट है। उमर खालिद का समर्थक है, जिसने कहा था, 'भारत तेरे टुकड़े होंगे।' बॉलीवुड से भी सेलिब्रिटीज को अभिजीत दीपके ने पैसे देकर जंतर-मंतर बुलाया था।'

उसमें आगे लिखा, 'उर्फी जावेद ने 1 लाख रुपए लिए थे और पूनम पांडे ने 20 हजार रुपए लिए थे। मैं यह चाहता हूं कि उमर खालिद की तरह अभिजीत दीपके को भी जेल होनी चाहिए। आप प्लीज तुरंत एफआईआर करके इसे जेल भेजो। अभिजीत दीपके देश का माहौल बिगाड़ रहा है और अगर इसे नहीं रोका गया, तो यह भारत में दंगे-फसाद भी करवा देगा।'



वीडियो में मालती भी साथ में बोलती नजर आईं, एक्ट्रेस ने बताईं अपनी दो पर्सनैलिटी

# प्रियंका चोपड़ा ने बेटी को सिखाए दुर्गा सप्तशती के मंत्र

नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह अपनी बेटी मालती मैरी को गोद में लेकर दुर्गा सप्तशती के मंत्र सिखाती नजर आ रही हैं। प्रियंका के साथ मालती मंत्र भी बोल रही हैं। वीडियो के साथ प्रियंका ने लिखा कि उनकी दो पर्सनैलिटी हैं- 'मामा' और 'मामासीटा'। वीडियो के पहले हिस्से में वह मालती के साथ समय बिताती दिखीं, जबकि दूसरे हिस्से में वह एक ड्रेस पहनकर डांस करती नजर आईं।

बता दें कि प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने 2018 में राजस्थान के जोधपुर स्थित उमैद भवन पैलेस में शादी की थी। सरोगेसी के जरिए बेटी मालती मैरी का जन्म 2022 में हुआ था। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर बेटी के साथ बिताए खास पलों की झलक शेयर करते रहते हैं। जुलाई में प्रियंका ने एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें मालती अपनी नानी मधु चोपड़ा के साथ पूल के किनारे टहलती नजर आई थीं। फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा था, 'रियूनाइटेड'

इसके अलावा प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें मालती टीवी पर फिल्म 'गुंडे' का गाना 'तूने मारी एंट्रीयां' देखती नजर आ रही थीं।





# सुप्रीम लीडर के कंट्रोल वाली इस्लामिक फोर्स ज्यादा पावरफुल, अमेरिका से बातचीत भी आईआरजीसी चीफ करेंगे

# 'खामेनेई के बेटे ने ईरानी राष्ट्रपति की ताकत घटाई'

**दावा**

**ईरान, एजेंसी**



ईरान में राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के अधिकारों में बड़ी कटौती की खबर सामने आई है। इजराइली चैनल-14 की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े अहम मामलों में राष्ट्रपति की भूमिका सीमित कर दी है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, परमाणु कार्यक्रम और अमेरिका से बातचीत जैसे बड़े मुद्दों पर अब IRGC कमांडर अहमद वाहिदी का फैसला अंतिम माना जाएगा। यानी इन मामलों में राष्ट्रपति की मंजूरी निर्णायक नहीं रहेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, पजशकियान लंबे समय से शिकायत कर रहे थे कि उनकी सरकार को बड़े फैसलों से दूर रखा जा रहा है। उन्होंने पहले इस्तीफे की पेशकश भी की थी। अब दावा किया जा रहा है कि सुप्रीम लीडर ने साफ कर दिया है कि रणनीतिक फैसले सेना की सलाह के मुताबिक ही लिए जाएंगे।

हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की सितंबर 2024 में इजराइली हमले में मौत के बाद नईम कासिम को यह जिम्मेदारी मिली थी।

हिजबुल्लाह चीफ नईम कासिम ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और इजराइल के साथ हुए टकराव में ईरान की जीत हुई है। यह जानकारी हिजबुल्लाह समर्थक अल मयादीन नेटवर्क के हवाले से सामने आई है।

नईम कासिम ने कहा,इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान इस टकराव में जीत हासिल कर चुका है। अब इस पर बहस की कोई गुंजाइश नहीं बची कि इस संघर्ष में कौन जीता।

कासिम ने ईरान को दुनिया की एक प्रभावशाली ताकत बताया और कहा कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई की लीडरशिप में ईरान आगे भी जीत हासिल करेगा और आगे के मकसदों को पूरा करेगा। कासिम ने यह भी दावा किया कि अमेरिका-ईरान के बीच हुए समझौता ज्ञापन (MoU) की वजह से लेबनान पर इजराइली हमलों में कमी आई है।

## ईरान में विदेश मंत्री अराघची को हटाने की तैयारी

ईरान के कुछ सांसद विदेश मंत्री अब्बास अराघची को पद से हटाने की तैयारी कर रहे हैं। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक सीनियर सांसद होसैनअली हाजीदेलिगानी ने मंगलवार को कहा, हम अराघची के खिलाफ महाभियोग लाने के लिए सबूत और जरूरी दस्तावेज जुटा रहे हैं। सही समय आने पर यह प्रक्रिया शुरू करेंगे।

हाजीदेलिगानी ने अमेरिका के साथ युद्धविराम के दौरान हुई बातचीत पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उस समय बातचीत करना गलत था। उनके मुताबिक, बातचीत की शुरुआत दोबारा युद्ध की वजह बन सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई समझौता ईरान की संप्रभुता से समझौता करता है या उसके समुद्री क्षेत्र के किसी हिस्से पर दूसरे देश का नियंत्रण स्वीकार करता है, तो वह संविधान के खिलाफ होगा।

- लाइबेरिया के झंडे वाले कॉमर्शियल जहाज 'मिनोअन पायनियर' पर मंगलवार को ओमान तट के पास होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय ड्रोन या मिसाइल से हमला हुआ।
- रॉयटर्स के मुताबिक, हमले के बाद क्रू मेंबर्स को जहाज छोड़ना पड़ा। फिलहाल एक नाविक लापता है।
- ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा कंपनी वैनगार्ड ने बताया कि प्रोजेक्टाइल जहाज के इंजन रूम से टकराया, जिसके बाद जहाज में आग लग गई।
- कंपनी के मुताबिक आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। वहीं, जहाज का थर्ड इंजीनियर अभी भी लापता बताया जा रहा है।



## हिजबुल्लाह चीफ बोले- ईरान की अमेरिका पर जीत हुई

हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की सितंबर 2024 में इजराइली हमले में मौत के बाद नईम कासिम को यह जिम्मेदारी मिली थी।

हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की सितंबर 2024 में इजराइली हमले में मौत के बाद नईम कासिम को यह जिम्मेदारी मिली थी।

हिजबुल्लाह चीफ नईम कासिम ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और इजराइल के साथ हुए टकराव में ईरान की जीत हुई है। यह जानकारी हिजबुल्लाह समर्थक अल मयादीन नेटवर्क के हवाले से सामने आई है।

नईम कासिम ने कहा,इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान इस टकराव में जीत हासिल कर चुका है। अब इस पर बहस की कोई गुंजाइश नहीं बची कि इस संघर्ष में कौन जीता।

कासिम ने ईरान को दुनिया की एक प्रभावशाली ताकत बताया और कहा कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई की लीडरशिप में ईरान आगे भी जीत हासिल करेगा और आगे के मकसदों को पूरा करेगा। कासिम ने यह भी दावा किया कि अमेरिका-ईरान के बीच हुए समझौता ज्ञापन (MoU) की वजह से लेबनान पर इजराइली हमलों में कमी आई है।

**फास्ट न्यूज**

### आतंक के आकाओं में भरा खौफ

नई दिल्ली । पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के वरिष्ठ कमांडर रिजवान हनीफ के एक वीडियो में दावा किया गया है कि पिछले कुछ वर्षों में संगठन के 30 से अधिक आतंकियों की लक्षित हत्याएं हुई हैं। उसने इन घटनाओं के लिए भारतीय खुफिया एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन अपने आरोपों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। भारत सरकार पहले भी ऐसे आरोपों को निराधार बता चुकी है।

### 'देसी ब्लिंग' स्टार सतीश सनपाल की यूएई में संपत्ति जब्त

अबू धाबी। नेटफ्लिक्स पर जब 'देसी ब्लिंग' रिलीज हुई, तो सतीश और तबिंदा सनपाल की आलीशान जदगी तुरंत चर्चा का विषय बन गई। सतीश सनपाल और तबिंदा के लाइफस्टाइल ने लाखों लोगों का ध्यान खींचा, लेकिन इनके लिए यही लग्जरी लाइफ अब एक बड़ा रोड़ा बन गई है। UAE की फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट (FIU) ने 13 जुलाई को सतीश सनपाल, उनकी पत्नी तबिंदा और उनसे जुड़ी कंपनियों की संपत्ति को अस्थायी रूप से फ्रीज करने का आदेश दिया है।

### अफ्रीका में भीषण हादसा

कम्पाला । युगांडा में एक यात्री वैन और रेत ले जा रहे ट्रक के बीच टक्कर हो गई। इसमें कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। यह हादसा सोमवार रात कालुंगु जिले के कमुंगा ट्रेडिंग सेंटर इलाके में एक राजमार्ग पर हुआ। पुलिस ने एक बयान में कहा कि मरने वाले सभी लोग वैन में सवार यात्री थे। वहीं, चार अन्य घायल हो गए। अफ्रीका भर में सड़क दुर्घटनाएं एक समस्या हैं और युगांडा में ये आम हैं।

## सूडान के दारफुर में सिविल कोर्ट पर सेना का ड्रोन हमला

**काहिरा, एजेंसी**



सूडान के दारफुर क्षेत्र में एक सिविल कोर्ट पर सेना के ड्रोन हमले में 35 लोग मारे गए। एक मानवाधिकार समूह ने यह जानकारी दी है।

सूडान में अत्याचार के मामलों का रिकार्ड रखने वाले स्वतंत्र समूह ₹इमरजेंसी लायर्स₹ ने रविवार को बताया कि सूडानी सेना के ड्रोन हमले में उत्तर दारफुर के अल-जविया गारा गांवा के सिविल कोर्ट के मुख्यालय को निशाना बनाया गया। यह इलाके में महत्वपूर्ण न्यायिक और सामाजिक सेवा प्रदान करता है। समूह ने एक बयान में कहा, ₹नागरिकों और नागरिक ढांचों पर हमले करना अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का घोर उल्लंघन है।₹ सूडानी सेना की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है।

संघर्ष निगरानी समूह आर्म्ड कान्फ्लिक्ट लोकेशन एंड इंवेट डाटा के अनुसार, अप्रैल, 2023 में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज और सूडानी सेना के बीच छिड़े युद्ध में अब तक 59 हजार लोग मारे जा चुके हैं। जबकि सहायता समूहों का कहना है कि वास्तव में यह संख्या कई गुना अधिक हो सकती है।

काहिरा, एपीः सूडान के दारफुर क्षेत्र में एक सिविल कोर्ट पर सेना के ड्रोन हमले में 35 लोग मारे गए। एक मानवाधिकार समूह ने यह जानकारी दी है।सूडान में अत्याचार के मामलों का रिकार्ड रखने वाले स्वतंत्र समूह ₹इमरजेंसी लायर्स₹ ने रविवार को बताया कि सूडानी सेना के ड्रोन हमले में उत्तर दारफुर के अल-जविया गारा गांवा के सिविल कोर्ट के मुख्यालय को निशाना बनाया गया।

# आरबीआई ने एफडी के नए नियम जारी किए

## स्मॉल-फाइनेंस-बैंकों को अब ब्याज दर की पूरी जानकारी पहले देनी होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने देश के प्रमुख स्मॉल फाइनेंस बैंकों (SFBs) में फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) कराने वाले निवेशकों के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। अब स्मॉल फाइनेंस बैंकों के ग्राहकों को ब्याज दर की पूरी जानकारी पहले मिलेगी।

ये बदलाव रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सेकेंड अमेंडमेंट डायरेक्टंस-2026 के तहत किए गए हैं। यह नए नियम और रेगुलेशंस 1 अक्टूबर 2026 से लागू हो गए हैं।

RBI के इस कदम का मकसद देशभर के स्मॉल फाइनेंस बैंकों में FD में निवेश करने वाले डिपॉजिटर्स के लिए सिस्टम में ज्यादा स्पष्टता, पारदर्शिता और निष्पक्षता लाना है। RBI ने साफ तौर पर कहा है कि डिपॉजिट इंटरेस्ट रेट्स बैंक की सभी ब्रांच और सभी ग्राहकों के लिए एक समान होनी चाहिए। बैंक एक ही तारीख को स्वीकार किए गए समान राशि के डिपॉजिट्स पर अलग-अलग दरें ऑफर नहीं कर सकते। इससे ग्राहकों के साथ किसी भी ब्रांच या प्रोफाइल के आधार पर भेदभाव नहीं होगा और सभी को समान अधिकार मिलेगा। एडवांस डिस्क्लोजर, एक समान प्राइसिंग और बल्क डिपॉजिट के लिए रेगुलेटेड छूट को लागू करके यह नया फ्रेमवर्क एक तरफ जहां डिपॉजिटर्स के हितों की रक्षा करेगा।

### बल्क डिपॉजिट रेट्स अपडेट करने का समय तय

बल्क डिपॉजिट के लिए स्मॉल फाइनेंस बैंकों को हर बिजनेस डे यानी कामकाजी दिन में सुबह 10:00 बजे अपनी वेबसाइट पर लागू ब्याज दरें जारी करनी होंगी। इसमें 10 मिनट का ग्रेस पीरियड दिया जाएगा, यानी बैंक सुबह 10:10 बजे तक अपनी दरें अपडेट कर सकेंगे। शेड्यूल कॉमर्शियल बैंकों और स्मॉल फाइनेंस बैंकों के लिए 3 करोड़ या उससे ज्यादा की सिंगल रुपए टर्म डिपॉजिट को बल्क डिपॉजिट माना जाता है।

**नए फ्रेमवर्क के तहत अब स्मॉल फाइनेंस बैंकों को अपना डिपॉजिट इंटरेस्ट रेट शेड्यूल पहले से पब्लिश करना होगी। रेगुलर और बल्क डिपॉजिट पर दिया जाने वाला ब्याज बैंक की वेबसाइट पर दिखाई गई दरों के अनुसार ही होना चाहिए। इस कदम से ग्राहकों को अलग-अलग बैंकों की एफडी दरों की तुलना करने में आसानी होगी।**

### बल्क डिपॉजिट के लिए अलग दरों की इजाजत

यूनिफॉर्मिटी यानी समानता का नियम सामान्य या रेगुलर डिपॉजिट पर लागू रहेगा। हालांकि, स्मॉल फाइनेंस बैंक बल्क डिपॉजिट्स पर अलग-अलग ब्याज दरों की पेशकश कर सकते हैं। इन नियमों को बैंक को पहले से स्पष्ट करना होगा।

दरों में यह अंतर RBI के रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के तहत डिपॉजिट की स्थिरता और लिक्विडिटी आवश्यकताओं जैसे फैक्टर्स पर आधारित हो सकता है। यह छूट नॉन-रेजिडेंट ग्राहकों से मिलने वाले बल्क डिपॉजिट पर भी लागू होगी।

### पाकिस्तान ने अल जजीरा की वेबसाइट को ब्लॉक किया गुलाम कश्मीर में प्रदर्शनों पर रिपोर्टिंग बनी वजह

# पीओके की सच्चाई दिखाने पर भड़का पाकिस्तान

**पाकिस्तान ने 'येलो जर्नलिज्म' का आरोप लगाया**

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान ने अल जजीरा की वेबसाइट को ब्लॉक कर दिया है। पाकिस्तान में कई यूजर्स सोशल मीडिया पर दावा कर रहे हैं कि वे अल जजीरा की वेबसाइट नहीं खोल पा रहे हैं।

गुलाम कश्मीर (PoK) में सरकार विरोधी और चुनाव से जुड़े विरोध-प्रदर्शनों पर दिखाई गई सच्चाई पाकिस्तान को रास नहीं आई, इसलिए पाकिस्तान ने कतर के इस ब्रॉडकास्टर को ब्लॉक कर दिया है। पाक सरकार की तरफ आरोप लगाते हुए आगे कहा गया, 'सोच-समझकर चुने गए समय और कुछ खास लोगों के पहले से तय बयानों के जरिए, चैनल ने AJK चुनावों और वोटिंग प्रक्रिया को गलत तरीके से पेश करने की कोशिश की है।'

पाकिस्तान की तरफ से कहा गया, 'इस तरह की येलो जर्नलिज्म सिर्फ उन बाहरी ताकतों के एजेंडे की पुष्टि करती है जिनका अपना स्वार्थ है और जो इस चुनावी प्रक्रिया को अवैध ठहराने और मुजफ्फराबाद व AJK के लोगों की इच्छा को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों ने आज अराजकता और जबरदस्ती को नकार कर इसे साफ तौर पर दिखाया है।'

पाकिस्तान ने कतर के इस ब्रॉडकास्टर पर येलो जर्नलिज्म करने का भी आरोप लगाया। 'येलो जर्नलिज्म' शब्द ऐसी रिपोर्टिंग के लिए इस्तेमाल होता है जिसमें पाठकों को चौंकाने के लिए बातों को बढ़ा-चढ़ाकर बताया जाता है।

### पीओके पर रिपोर्ट छापने को लेकर कार्रवाई


पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार ने अभी तक इस ब्रॉडकास्टर पर कोई औपचारिक प्रतिबंध लगाने की घोषणा नहीं की है, लेकिन पाक यूजर्स सोशल मीडिया पर वेबसाइट न खुलने के बारे में बता रहे हैं।

इन सभी बातों के बीच पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अल जजीरा की रिपोर्टिंग की आलोचना की है और मीडिया संगठन पर चुनावों और वोटिंग प्रक्रिया को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल X पर बयान जारी करते हुए कहा, 'हमने आज मुजफ्फराबाद के कुछ खास पोलिंग स्टेशनों से अल जजीरा की चुनिंदा रिपोर्टिंग पर ध्यान दिया है।'

# ईरान पर हमले के लिए यूएस आर्मी ने दिए सैनिकों को टिप्स

**वाशिंगटन, एजेंसी**

### 'क्रिएटिव बनें और कुछ नया सोचें'



यूएस सेंट्रल कमांड ने ईरान पर हमला करने के लिए नए और क्रिएटिव तरीके खोजना शुरू कर दिया है। दावा है कि इसके लिए मिडिल ईस्ट में तैनात इस अमेरिकी कॉम्बैट यूनिट ने मिलिट्री एनालिस्ट्स के एक बड़े ग्रुप से संपर्क किया है।

अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएस सेंट्रल कमांड के एक अधिकारी ने कहा कि ईरान से निपटने के लिए नए आइडिया लाने के लिए सैनिकों के साथ एक ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन शुरू किया गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि ट्रंप ने पास ईरान के साथ डील करने के लिए अब बेहद ही सीमित विकल्प बचे हैं। ट्रंप ने पिछले हफ्ते भी ईरान पर भयंकर हमले करने की चेतावनी दी थी। लेकिन सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद के फोन के बाद उन्होंने इन हमलों को रद कर दिया था। ट्रंप बार-बार ईरान पर हमले तेज करने की धमकी दे रहे हैं, लेकिन अमेरिका के सबसे शक्तिशाली हथियारों से भी बहुत ज्यादा कुछ हासिल नहीं हो पा रहा है। सूत्रों ने कहा कि अमेरिका को शायद अब जमीन पर सैनिक उतारने पड़ें, लेकिन ट्रंप इसके लिए तैयार नहीं हैं। ईरान पर हमलों का कोई उचित परिणाम नहीं दिखने पर ट्रंप सिर्फ एक प्रतीकात्मक जीत के साथ युद्ध खत्म करने पर भी विचार कर रहे हैं। एक सूत्र ने कहा कि ट्रंप ऐसी जगह पर हमला कर सकते हैं, जिसे पहले भी निशाना बनाया गया हो, ताकि एक प्रतीकात्मक जीत मिल सके और वे युद्ध से बाहर निकल सकें।

**आरोप : आपराधिक आरोपों के चलते कार्रवाई, इनमें भारतीय मूल के नरिंदर सिंह भी शामिल हैं**

# भारतीय मूल के व्यक्ति समेत 25 लोगों की नागरिकता रद करेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका ऐसे 25 नागरिकों की नागरिकता रद कर रहा है जिन्होंने बाद में नागरिकता हासिल की। इनमें भारतीय मूल का एक व्यक्ति भी शामिल है। इन लोगों पर पहचान छिपाने या गलत जानकारी देने से लेकर हत्या की कोशिश और बच्चों के यौन शोषण जैसे आरोप लगे हैं।

अमेरिका के न्याय विभाग (DoJ) ने डेलावेयर जिले के रहने वाले 65 वर्षीय नरिंदर सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने अमेरिका में दाखिला पाने के लिए फर्जी पहचान का इस्तेमाल किया था। न्याय विभाग के मुताबिक, नरिंदर सिंह ने 1996 से अमेरिका में दाखिला पाने के लिए दो पहचानों का इस्तेमाल किया और 1 मई, 2008 को अमेरिकी नागरिक बन गए। उनके खिलाफ शिकायत में कई गलत जानकारी देने और गैर-कानूनी काम करने के सात आरोप लगाए गए हैं, जो उनके नैतिक चरित्र पर बुरा असर डालते हैं।

ब्लैंच ने आगे कहा, आज की फाइलिंग डिपार्टमेंट के इतिहास में नागरिकता रद करने की सबसे बड़ी समन्वित कोशिश है लेकिन यह सिर्फ शुरुआत है। जस्टिस डिपार्टमेंट नागरिकता प्रक्रिया की शुचिता और अमेरिकी लोगों की सुरक्षा की रक्षा के लिए उपलब्ध हर साधन का इस्तेमाल करना जारी रखेगा। इन 25 लोगों के खिलाफ कई तरह की शिकायते हैं, जिनके आधार पर जस्टिस डिपार्टमेंट का मानना है कि उन्हें अमेरिकी नागरिकता पाने या उसे बनाए रखने के लिए अयोग्य ठहराया जाना चाहिए था। इन शिकायतों में हत्या की कोशिश, बच्चों का यौन शोषण, घरेलू हिंसा, शादी के नाम पर धोखाधड़ी, पहचान से जुड़ी धोखाधड़ी, पासपोर्ट धोखाधड़ी, बैंक और क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी और बिना लाइसेंस के मेडिकल प्रैक्टिस करने जैसे अपराधों के आरोप शामिल हैं।

### 17 देश और 25 लोग

अपनी पहचान के बारे में गलत जानकारी देने के आरोप में जिन 25 लोगों के खिलाफ नागरिकता रद करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, उनमें पाकिस्तानी मूल के दो व्यक्ति जिया मुराद भट्टी और मोहम्मद वासिफ भी शामिल हैं। इन 25 लोगों के खिलाफ शिकायतें 20 जुलाई से 3 अगस्त के बीच दर्ज की गई थीं। इस लिस्ट में मोल्दोवा, मैक्सिको, कोलंबिया, नाइजीरिया, लाइबेरिया, घाना, जमैका, ताइवान, होंडुरास, कैमरून, जॉर्डन, क्यूबा, अल साल्वाडोर, हैती और स्वीडन के ऐसे लोग भी शामिल थे जिन्हें बाद में अमेरिका की नागरिकता मिली थी।

### ट्रंप ने तेज की कोशिशें

25 नए मामलों के साथ 20 जनवरी 2025 से जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से नागरिकता रद करने के लिए दायर किए गए मामलों की कुल संख्या 123 हो गई है। ट्रंप प्रशासन उन लोगों की नागरिकता छीनने की कोशिशें तेज कर रहा है, जिनके बारे में उसका कहना है कि उन्होंने इसे गैर-कानूनी तरीके से हासिल किया था। कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच ने एक बयान में कहा, अमेरिकी नागरिकता हमारे देश के सबसे बड़े विशेषाधिकारों में से एक है और इसे कानूनी और ईमानदारी से ही हासिल किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि नई शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि इन लोगों ने धोखाधड़ी, जानकारी छिपाने या अन्य गैर-कानूनी तरीकों से नागरिकता हासिल की जिसमें हिंसक अपराधों, बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों, फर्जी पहचान और अयोग्य ठहराने वाली अन्य बातों को छिपाना शामिल है।

## पीओके में पाकिस्तान की करतूत पर हो रही दुनियाभर में बुराई

### 'गैरकानूनी हिंसा का लंबा इतिहास'

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में तथाकथित विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। इस दौरान बर्बरता, हिंसा और अशांति की खबरें सामने आ रही हैं। मानवाधिकार और प्रेस की आजादी पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्थाओं ने प्रदर्शनकारियों और मीडिया पर बढ़ती सख्ती को लेकर चिंता जताई है। एमनेस्टी इंटरनेशनल और कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने सरकार समर्थित हिंसा, स्वतंत्र रिपोर्टिंग पर रोक, पत्रकारों के जबरन गायब होने और लंबे समय तक इंटरनेट बंद रहने जैसे आरोपों पर चिंता जाहिर की है।

इन संस्थाओं ने पाकिस्तानी अधिकारियों से सख्ती खत्म करने, संचार सेवाएं बहाल करने और कथित मानवाधिकार उल्लंघनों की पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने की अपील की है। रावलकोट में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अत्यधिक बल प्रयोग की खबरों का जिक्र करते हुए एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा कि ये घटनाएं प्रदर्शनकारियों के खिलाफ गैर-कानूनी हिंसा के पाकिस्तान के पुराने रिकॉर्ड को दर्शाती हैं।

एमनेस्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ₹रावलकोट से आ रही परेशान करने वाली खबरें, प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पाकिस्तानी अधिकारियों की गैरकानूनी हिंसा के लंबे इतिहास से मेल खाती हैं। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा बल प्रयोग की तुरंत, स्वतंत्र और पारदर्शी जांच का आदेश दिया जाना चाहिए।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96